

पश्चिम बंगाल में झारखंड और ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे - 12



एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुड़का - 12



डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप - 13



परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे - 14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.41 सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी 02:41 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 92, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# सिंगापुर से यूपी को मिला भारी निवेश का प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- मील का पत्थर साबित होंगे एमओयू, एक लाख करोड़ के प्रस्ताव अब तक मिल चुके
- सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकात एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के आखिरी दिन एलान किया कि टीम यूपी को सिंगापुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी है। निवेशकों को यूपी में हो रही हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में राज्य को इतना बड़ा भरोसा और निवेश मिला है। आज भारत और यूपी की छवि वैश्विक स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से उनकी सार्थक और सकारात्मक बातचीत हुई। इन बैठकों में एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और स्किलिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक सहमति बनी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद हुआ, जिनमें कई कंपनियां पहले से भारत और यूपी में निवेश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में यूपी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जनकल्याण में तेज प्रगति की है। निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसका असर गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में दिख रहा है।



**सिंगापुर :** एमओयू ड्राफ्ट के साथ मुख्यमंत्री योगी। साथ में यूपी और सिंगापुर के अधिकारी।

### सिंगापुर में क्या तय हुआ

- कुल निवेश प्रस्ताव : एक लाख करोड़ रुपये
- संपन्न एमओयू : 60 हजार करोड़ रुपये
- फोकस सेक्टर : एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग

### शीर्ष स्तर की मुलाकातें

- सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, ऊर्जा मंत्री
- 100 वैश्विक कंपनियों/प्रतिनिधियों से संवाद
- फिनटेक, एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर सहमति

### जेवर से एमआरओ कार्गो हब की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की अत्याधुनिक एविएशन सुविधाओं का अध्ययन किया। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने की दिशा में ठोस रुचि सामने आई है। वर्तमान में बड़ी संख्या में विमान एमआरओ के लिए सिंगापुर आते हैं– यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस पर गंभीर तैयारी दिखाई है।

### यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ा जाएगा

योगी ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय आईटीई स्किलिंग मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ने और सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन के जरिए 'एम्प्लॉयमेंट–रेडी' इकोसिस्टम बनाने की पहल को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। योगी ने वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और भारतीय उच्चायुक्त व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि सिंगापुर में हुए करार और प्रस्ताव यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकानमी के लक्ष्य तक तेजी से ले जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरुष मित्र के सामने युवती से सात लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**सिलचर।** असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास अपने पुरुष मित्र के साथ घूमने आई 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने दुष्कर्म किया और उससे जबरन पैसे भी वसूले। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 19 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत की जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुरू में इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर स्थित एक पत्रकार पर आरोपियों में से एक के परिवार के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मोदी आज जाएंगे इजराइल, रणनीतिक संबंधों करेंगे प्रगाढ़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है। मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, समकक्ष नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात भी शामिल है। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी।

### निधि छिब्बर को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह निधि छिब्बर को मंगलवार को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। आईएएस की 1994 बैच की छत्तीसगढ़ कैडर की अधिकारी छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकार ने छिब्बर को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है।


# सेवातीर्थ में कैबिनेट का पहला फैसला अब 'केरलम' से जाना जाएगा केरल

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक, 12,236 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसले मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। कच्चे जूट के लिए नई एमएसपी को मंजूरी के साथ पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल यह संकल्प दोहराता है कि इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। इसमें कहा गया है, हम यह दोहराते हैं कि अपनी दृष्टि के मुताबिक उस तरह के शासन को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों के प्रति उत्तरदायी होगा।



### रेलवे की 9,072 करोड़ की 3 परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया–जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख–किऊल तथा गम्हरिया–चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार व झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे का 1,677 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एन्क्लेव बनाने को मंजूरी दे दी है। सिविल एन्क्लेव का विस्तार कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सिविल एन्क्लेव भारतीय वायुसेना या सशस्त्र बलों के हवाई अड्डे के भीतर स्थित वह विशेष क्षेत्र है, जिसे नागरिक उड़ानों के उपयोग के लिए आवंटित किया जाता है।

### कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026–27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। टीडी–3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल–भारतीय भारित औसत लागत पर 61.8 प्रतिशत का लाभ देगा।

# एआई समिट में हंगामे का मुख्य साजिशकर्ता युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस ने आरोपी को भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मास्टरमाइंड बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए और दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। पुलिस ने गत शुक्रवार को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया था। उनकी पहचान जितेंद्र यादव, राज गुज्जर और अजय कुमार के रूप में की गयी है।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में उदय भानु चिब।

### युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 जोड़ी गई है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आरोपियों को आक्रामक तत्व करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्व नियोजित कोशिश देखी गई।

# सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और पत्नी के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र

- अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने उप्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी के खिलाफ कथित अवैध कब्जे और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने मंगलवार को कहा कि अभियोजन शिकायत, जो ईडी की ओर से दाखिल आरोपपत्र के समान होती है, सोमवार को लखनऊ में पीएमएलए अदालत में दायर की गई। बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट से वर्ष 2007 से 2017 के बीच दो बार सपा के विधायक रहे हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। ईडी का यह मामला उप्र पुलिस द्वारा हाशमी और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों और आरोपपत्रों से उत्पन्न हुआ है। उन पर अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाशमी और उनकी पत्नी के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में 'बेहिसाबी' नकदी जमा पाई गई है, जो उनके घोषित आय स्रोतों के साथ स्पष्ट रूप से असंगत थी।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सरकार का बड़ा कदम

- 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने कहा कि यह अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान होगा और सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें एचपीवी टीकाकरण को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन की वैश्विक रणनीति का एक केंद्रीय स्तंभ माना गया है।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, मजबूत वैश्विक और भारतीय वैज्ञानिक प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि अनुशंसित आयु वर्ग की लड़कियों में टीके की एक खुराक ही मजबूत और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।




# अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तारी का डर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है।

प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इस बीच, वाराणसी में विद्यामठ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारे शुभचिंतक अधिवक्ता हमारे पास आए थे। हमसे कहा कि हम आपकी सहायता करने के लिए तैयार हैं तो हमने कहा ठीक है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ वकीलों ने सहायता की पेशकश करते हुए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें अब तक उठाए गए किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं।



- बोले- प्रयागराज में रची जा रही साजिश, पूरा सिस्टम मेरे खिलाफ

**बदलाव** एनसीईआरटी ने पुस्तक में किया बदलाव, भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे

# 8वीं के छात्र पढ़ेंगे कोर्ट में कितने पेंडिंग केस, क्या हैं न्यायिक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

अब स्कूली बच्चे कम उम्र में ही न्यायपालिका के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों से परिचित होंगे। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई किताब के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले संशोधित अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है।

पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में मुख्य रूप से न्यायालयों की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अध्याय में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। गरीबों और वंचितों के लिए इससे न्याय तक पहुंच का मुद्दा और भी गंभीर हो सकता है। इसलिए न्यायिक प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी का उपयोग भी शामिल है और जहां भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आएं, उनके खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है।




### पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट में 62.40 लाख और जिला अदालतों में 4.70 करोड़ लंबित मुकदमों का जिक्र

पुस्तक के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, उच्च न्यायालयों में 62.40 लाख और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं। पुस्तक में न्यायपालिका की आंतरिक जवाबदेही प्रणालियों को रेखांकित किया गया है और शिकायतें प्राप्त करने की स्थापित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के माध्यम से संचालित होती है। पुस्तक में लिखा है कि 2017 से 2021 के बीच इस तंत्र के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। पाठ्यपुस्तक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का भी उल्लेख किया गया है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुस्तक में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया है कि हालांकि, इस विश्वास को पुनर्स्थापित करने का मार्ग इन मुद्दों के समाधान के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्वपूर्ण गुण हैं।

## सिपाही से अभद्रता करने वालों को छोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** हरदोई बाईपास चौराहे पर सोमवार की रात ट्रैफिक हेड कांस्टेबल के साथ चेकिंग के दौरान अभद्रता किए जाने के मामले में हिरासत में लिए गए बाइक सवार तीन आरोपियों को पुलिस ने बिना कार्रवाई किए छोड़ दिया है। मामले में हेड कांस्टेबल की ओर से भी कोई तहरीर नहीं दी गई थी। सोमवार की रात करीब सात बजे ट्रैफिक हेड कांस्टेबल ओमेंद्र सिंह हरदोई बाईपास चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार होकर आए तीन लोगों ने उनकी बाइक पर टक्कर मार दी थी। जब ओमेंद्र ने उन्हें टोका तो तीनों अभद्रता करने लगे और वहां पुलिस बूथ के अंदर हाथापाई पर आमादा हो गए। सूचना पर पहुंची आरसी मिशन पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई थी। मंगलवार को मामले में हेड कांस्टेबल ओमेंद्र की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई।

# शंकराचार्य पर आरोप लगाने का मिला लालच

## स्थानीय व्यक्ति ने किया बड़ा दावा- रुपयों का प्रलोभन देकर आरोप लगाने के लिए कहा गया था

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- तीन लोगों ने रिंग रोड पर रोका, फोन पर कराई बातचीत
- रुपये देकर दूसरी जगह बसाने का दिया गया प्रस्ताव

**अमृत विचारः** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर लगाए गए कथित यौन शोषण के आरोपों के बीच शाहजहांपुर के एक व्यक्ति ने सनसनीखेज दावा किया है। उसका कहना है कि आशुतोष पांडेय ने उससे संपर्क कर अविमुक्तेश्वरानंद पर आरोप लगाने के लिए कहा था और बदले में मोटी रकम देने का भरोसा दिलाया था।

शहर के एक मोहल्ले में रहने वाले व्यक्ति के अनुसार 18 फरवरी की शाम वह सुभाषनगर रिंग रोड पर था, तभी तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर उसके पिता का नाम लेकर बातचीत शुरू की। इसके बाद एक काम के बदले अच्छे रुपये देने का लालच दिया गया। जब उसने काम के बारे में पूछा तो उन लोगों ने फोन मिलाकर उसकी बात आशुतोष पांडेय से कराई। व्यक्ति का कहना है कि फोन पर आशुतोष पांडेय ने उसके पिता का नाम लेते हुए उनके निधन पर न आ पाने की बात कही। इसके बाद उसने कहा कि दंडी बाबा परेशान कर रहा है और एक बच्ची को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद पर काशी या बद्रीनाथ आश्रम में आरोप लगाने को कहा। बदले में इतना रुपया देने की बात कही गई, जिससे वह दूसरी जगह आराम से बस सके। बताया गया कि संबंधित व्यक्ति ने रुपयों के लालच में ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद आशुतोष पांडेय ने यह कहते हुए फोन काट दिया कि दूसरा विकल्प खुला है। बाद में जब उसे जानकारी मिली कि अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ इसी तरह का मुकदमा दर्ज कराया गया है तो उसने स्वयं शंकराचार्य से संपर्क किया। वह अपने परिवार के साथ बनारस पहुंचा और पूरी बात बताई। इस दावे के सामने आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है।


शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप साजिश का हिस्सा: जयेश प्रसाद


समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि संत समाज की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से सुनियोजित तरीके से यह प्रकरण खड़ा किया गया है। जयेश प्रसाद ने कहा कि जिनके माध्यम से स्वामी पर आरोप लगाए गए हैं, वह हरदोई जिला का निवासी आशुतोष पांडेय है। उनके अनुसार उक्त व्यक्ति के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने संबंधित एफआईआर की प्रति भी मीडिया को दिखाई और दावा किया कि जिस समय उस व्यक्ति पर मामले दर्ज हुए, उस दौरान उसे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के संरक्षण में संघ भवन में शरण दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की ओर से आशुतोष पांडेय को संरक्षण देकर शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक द्वेष से प्रेरित कार्रवाई है और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। पूर्व एमएलसी ने कहा कि संत समाज को राजनीतिक साजिश में घसीटने की कोशिश हो रही है, लेकिन इस तरह के प्रयास सफल नहीं होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सच्चाई को जनता तक पहुंचाएं और अफवाहों से सावधान रहें।

## बंडा में गंदे पानी के गड्ढे में गिरकर बच्चे की मौत

संवाददाता, बंडा

- खखरा बुजुर्ग में खेलते समय सात फीट गहरे गड्ढे में डूबा पांच वर्षीय बालक

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव खखरा बुजुर्ग में घरों के गंदे पानी की निकासी के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से पांच वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


अरमान खान।

मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे गांव निवासी शोरब खान का पांच वर्षीय पुत्र अरमान खान मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। गांव के कुछ घरों के गंदे पानी के निकास की व्यवस्था न होने के कारण करीब एक माह पहले वीरपाल के घर के सामने जेसीबी से लगभग सात फीट गहरा गड्ढा खुदवाया गया था। खेलते समय अरमान उसी गड्ढे में गिर गया और पानी में डूब गया।

परिजन जब तक उसे बाहर निकाल पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मां अमीर जहां का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि शोरब के छह माह के दो जुड़वा बच्चे भी हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बेवन खान ने बताया कि शोरब के घर का पानी उसके खेत की ओर जाता था, जबकि अन्य कई घरों के पानी की निकासी नहीं थी। नाली निर्माण को लेकर ग्रामीणों को कई बार समझाया गया, लेकिन मोहल्ले के दो पक्षों में विवाद चलता रहा।

## टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर आरटीई एक्ट के तहत 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में चल रहा तीन दिवसीय आंदोलन जनपद में दूसरे दिन भी जारी रहा।


मंगलवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बल्लिया में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

- दूसरे दिन भी 5 हजार शिक्षकों ने बांधी काली पट्टी

जनपद के लगभग 5 हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर अपने-अपने विद्यालयों में नियमित दायित्वों का निर्वहन करते हुए सरकार के निर्णय के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। शिक्षकों ने इसे सेवा शर्तों में किया गया "उत्पीड़नात्मक संशोधन" बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि आंदोलन का नेतृत्व टीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ,जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र , जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मंगरे लाल एवं अन्य सहयोगी संगठन के जिलाध्यक्ष कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जिले भर के शिक्षकों ने एकजुट होकर विरोध जताया। नेतृत्वकर्ताओं का कहना है कि नियुक्ति के समय निर्धारित सेवा शर्तों को पूर्ण कर लगभग 30 वर्ष पूर्व सेवा में आए शिक्षकों पर सेवानिवृत्ति के निकट टीईटी परीक्षा अनिवार्य करना न्यायोचित नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि आज सेवा शर्तों में इस प्रकार का परिवर्तन किया जाता है, तो भविष्य में वर्तमान में चयनित शिक्षकों पर भी इसी प्रकार के नए नियम थोपे जा सकते हैं। शिक्षकों की मांग है कि नियुक्ति के समय लागू सेवा शर्तें पूरे सेवाकाल में यथावत रहनी चाहिए। आंदोलन में प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ सहित कई शिक्षक संगठनों ने एकजुटता दिखाई है। जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि तीन दिवसीय काली पट्टी आंदोलन के उपरांत 26 फरवरी को दोपहर 2 बजे जनपद के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं बीएसए कार्यालय पर एकत्रित होंगे। वहां से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद देश की राजधानी दिल्ली में लाखों शिक्षकों द्वारा ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन किए जाने की भी घोषणा की गई है। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया है कि जब तक सेवा शर्तों में किए गए इस संशोधन को वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा।

## दो शिक्षा मित्रों को नोटिस जारी करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ददरौल विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक में डीएम सख्त
- मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई और समीक्षा की

**अमृत विचारः** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत नो-मैपिंग कार्य में शिथिलता पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में 136-विधानसभा ददरौल के ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजरों और संबंधित कार्मिकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई और प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान अपेक्षित प्रगति न मिलने और कार्य में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने विकासखंड भावलखेड़ा की शिक्षा मित्र मनोज कुमारी और पातीराम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को दोनों के विरुद्ध सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नो-मैपिंग वाले मतदाताओं को भेजे गए नोटिसों की सुनवाई प्राथमिकता से शीघ्र पूरी कराई जाए। संबंधित कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर नगर निगम घेराव आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** नगर निगम में कार्यरत नियमित, ठेका और संविदा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 25 फरवरी 2026 को नगर निगम का घेराव किया जाएगा। यह जानकारी क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी भाजपा दिनेश कुमार राजा की ओर से जारी सूचना में दी गई है।

सूचना में बताया गया है कि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में नगर निगम परिसर में एकत्र होकर घेराव किया जाएगा। इसके लिए सुबह 11 बजे नगर निगम पहुंचने की अपील की गई है। आह्वान में कहा गया है कि सभी संबंधित लोग कर्मचारियों के हित में कार्यक्रम में भाग लें और अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

## पेंटून पुल की बैरिकेडिंग टूटी

संवाददाता, परौर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के हैदलपुर में रामगंगा नदी पर बना पेंटून पुल इन दिनों अव्यवस्था और लापरवाही का उदाहरण बना हुआ है। पुल के किनारे सुरक्षा के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग के कई बल्ले टूटकर कई दिनों से पुल पर ही पड़े हैं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत या हटाने की कोई पहल नहीं की गई।


हैदलपुर पैनटून पुल पर टूटी बैरिकेडिंग और पुल पर गिरे बल्ले। ● अमृत विचार

- हैदलपुर का पैनटून पुल बना खतरे का सबब

यह पुल दर्जनों गांवों के लिए मुख्य और एकमात्र संपर्क मार्ग है। रोजाना सैकड़ों ग्रामीण, किसान, छात्र-छात्राएं और व्यापारी इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बैरिकेडिंग के टूटे बल्लों के कारण पुल पर रास्ता काफी संकरा हो गया है, जिससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार लोग फिसलते-फिसलते बचे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पुल की मौजूदा हालत सुरक्षा मानकों की अनदेखी को साफ दर्शा रही है। ग्रामीणों का सवाल है कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन जागेगा। बरसात और फिसलन के मौसम में खतरा और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टूटे बल्लों को तुरंत हटाकर मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए और पुल की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। फिलहाल हैदलपुर का यह पैनटून पुल हादसे को खुला न्योता देता नजर आ रहा है।

## श्री रामचंद्र मिशन में शांति, श्रद्धा और साधना का संगम

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** श्री रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में रामचंद्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के चौथे चरण का शुभारंभ हुआ।

प्रातःकाल कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक ध्यान साधना से हुई। देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान करते हुए मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना के वातावरण से सराबोर रहा। इस अवसर पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि केवल सोचते रहने से जड़ता समाप्त नहीं होती, इसके लिए गतिमान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गति का नाटकीय होना जरूरी नहीं, बल्कि उसका वास्तविक होना महत्वपूर्ण है। बाबूजी के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोग कोशिश तो करते हैं, लेकिन सच्चा प्रयास नहीं करते। कोशिश में असफलता की गुंजाइश रहती है, जबकि प्रयास पूरे अस्तित्व को एक दिशा में केंद्रित कर देता है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दूरी तय करना असंभव लगे, तब केवल पहला कदम उठाना चाहिए। एक बार क्रिया आरंभ हो जाए तो इच्छा शक्ति से भी बड़ी शक्ति कार्यभार संभाल लेती है। अधूरी यात्रा को छोड़ना, उसे शुरू करने से अधिक कठिन होता है। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, ममता सिंह, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, दीपक कुमार, सलोनी गुप्ता, सहजा, प्रतिमा राजपूत, अजय चौधरी, डॉ. अनुराधा अग्रवाल, खुशी, नीलम सेठ, अनुष्का सिंह, राजा गोपाल, मनोहरी, जिज्ञासु, कर्णिका सिंह सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।


बसंत उत्सव के चौथे चरण में सामूहिक ध्यान साधना में शामिल साधक। ● अमृत विचार

- रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के चौथे चरण का शुभारंभ

### दाजी और स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती की आत्मीय भेंट

रामचंद्र मिशन आश्रम में इन दिनों बीस दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन जारी है, जिसमें देश-विदेश से आए साधक साधना और सेवा का अनुभव कर रहे हैं। इसी क्रम में सायंकाल मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती आश्रम पहुंचे और दाजी से आत्मीय भेंट की। स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने दाजी का स्वागत करते हुए कुशलक्षेम पूछा। वहीं दाजी ने उन्हें ध्यान-साधना के लिए आमंत्रित किया। यह मुलाकात विचार और साधना के संवाद के रूप में देखी गई। इस दौरान माधो गोपाल अग्रवाल, डॉ. अवनीश मिश्रा, अशोक अग्रवाल, सुयश सिन्हा, राम निवास गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** — राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत 100 छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

## विद्यार्थियों ने सीखी पशु विज्ञान की बारीकियां

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र निगोही के 100 चयनित छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान ले जाया गया।

विभिन्न विद्यालयों से चयनित विद्यार्थी सबसे पहले ब्लॉक संसाधन केंद्र निगोही पर एकत्र हुए। यहां पंजीकरण के बाद उन्हें स्टेशनरी बैग, टी-शर्ट, कैप और अल्पाहार वितरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज और राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को दो बसों से हरी झंडी दिखाकर बरेली के लिए रवाना किया। आईवीआरआई पहुंचने के बाद विधिवत प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर बच्चों ने एटीआईसी विभाग का भ्रमण किया। संस्थान के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संस्थान के इतिहास, स्थापना और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद संग्रहालय में पशु जीवाश्म, अंडे, प्राचीन वास्तु एवं काष्ठ कला, पुराने यंत्र, वेद और मुद्राएं दिखाई गईं, जिनके बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों ने पॉलीक्लिनिक का भी अवलोकन किया, जहां चिकित्सकों से बीमार पशुओं के उपचार की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। डियर पार्क में हिरण और बारहसिंहा को स्वच्छंद विचरण करते देख बच्चे उत्साहित नजर आए। संस्थान परिसर स्थित पार्क में बच्चों ने झूलों का आनंद भी लिया। भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने बरेली के एक रेस्टोरेंट में भोजन किया। इस दौरान शिक्षक अमित गुप्ता, हिमांशु सिंह, रेनू शुक्ला, श्वेता प्रताप, सुरेश पाल, सुरेंद्र मौर्य, अर्चना राजपूत, अनीता, माला राजपूत, अवनीश पाल, निर्मला गंगवार, आलोक कुमार, अनमोल, अंकित, संजीव और श्याम मोहन विद्यार्थियों के साथ रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज के निर्देशन में एआरपी ब्रजेश कुमार, खुशीराम, सुरेंद्र कुमार और महेश गौतम ने किया।


आईवीआरआई परिसर में शैक्षिक भ्रमण के दौरान निगोही ब्लॉक के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

## गुरुकुल के बच्चों ने राजपाल यादव से जताई नाराजगी

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** शहर की स्वयंसेवी संस्था गुरुकुल सेवा ट्रस्ट में पढ़ने वाले बच्चों ने अपने पसंदीदा अभिनेता राजपाल यादव को वीडियो संदेश भेजकर मासूम नाराजगी जाहिर की है। बच्चों का कहना है कि उन्होंने अपने स्नेह के प्रतीक के रूप में गुल्लक और एक पत्र कोरियर से भेजा था, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला। संस्था से जुड़े लोगों के अनुसार बच्चों ने कुछ दिन पहले राजपाल यादव के घर पर अपनी गुल्लक और एक पत्र भेजा था। यह पहल उनके प्रति सम्मान और लगाव व्यक्त करने के लिए की गई थी। बच्चों को उम्मीद थी कि अभिनेता की ओर से कोई संदेश या प्रतिक्रिया मिलेगी। काफी समय बीत जाने के बाद भी जवाब न आने से बच्चे मायूस हैं। उन्होंने वीडियो के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि वे उनके उत्तर का इंतजार कर रहे हैं। बच्चों की यह मासूम अपील अब चर्चा का विषय बनी हुई है।

## खाद्य विभाग ने 110 किलो नमकीन की नष्ट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कलान में छापेमारी, 894 लीटर तेल सीज कर जांच को भेजे नमूने

**अमृत विचारः** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावट और एक्सपायरी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कलान क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान 110 किलोग्राम एक्सपायरी नमकीन और 25 पेटी नूडल्स को नष्ट कराया गया, जबकि 894 लीटर खाद्य तेल सीज किया गया। सीज किए गए तेल की अनुमानित कीमत 1.41 लाख रुपये बताई गई है।

कार्रवाई सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय चंद्रशेखर मिश्र के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार को की गई। फर्रुखाबाद रोड, कलान स्थित राघव एजेंसीज से राज कोल्हू ब्रांड राइस ब्रान ऑयल और डबल बादशाह ब्रांड कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने जांच के लिए लिए गए।

निरीक्षण के दौरान करीब 110 किलो 'श्री ब्रांड' एक्सपायरी नमकीन, जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई गई, को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसके अलावा करीब 5 हजार रुपये कीमत की 25 पेटी नूडल्स भी नष्ट की गईं। इससे एक दिन पहले राज्य स्तरीय सचल दल ने भी कार्रवाई की थी। जमौर स्थित केसी एडिबल ऑयल से क्रूड राइस ब्रान ऑयल का नमूना लिया गया। वहीं गाढ़ी गाड़ीपुरा स्थित गर्ग एडिबल ऑयल से मल्टीसोर्स एडिबल ऑयल, रिफाइंड सनफ्लावर ऑयल, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, शाही किसान मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल और साँवरिया कच्ची घानी सरसों तेल के नमूने एकत्र किए गए। इन दोनों प्रतिष्ठानों से कुल 894 लीटर खाद्य तेल सीज किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1,41,260 रुपये आंकी गई है। विभाग ने बताया कि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के आदेश पर यह अभियान चल रहा है और होली तक लगातार जांच और कार्रवाई जारी रहेगी।

## मार्ग पर अतिक्रमण का आरोप, कार्रवाई की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** थाना रोजा क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर में सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर टॉयलेट टैंक बनाए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर आयुक्त को शिकायती पत्र देकर अवैध निर्माण हटवाने और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत के अनुसार, मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने सार्वजनिक रास्ते पर टॉयलेट टैंक का निर्माण करा लिया है। बताया गया है कि पहले नगर निगम की टीम ने निर्माण हटवा दिया था, लेकिन बाद में दोबारा निर्माण कर लिया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जब मोहल्ले के लोग इस पर आपत्ति जताते हैं तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि रास्ते पर कब्जे के कारण मंदिर जाने में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने नगर आयुक्त से मामले का संज्ञान लेकर अवैध निर्माण को पुलिस बल के साथ हटवाया जाए।

# आध्यात्मिक वातावरण में मुमुक्षु महोत्सव आरंभ

## प्रातः 10 बजे मुमुक्षु आश्रम में स्थित यज्ञशाला में मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन से रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



यज्ञशाला में मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन से रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ करते। ● अमृत विचार



मुमुक्षु आश्रम में श्री रामकथा का शुभारंभ करते कथा व्यास संत श्री विजय कौशल जी महाराज।

**अमृत विचार :** मुमुक्षु महोत्सव का भव्य शुभारंभ श्रद्धा, उल्लास एवं आध्यात्मिक वातावरण के मध्य हुआ। प्रातः 10 बजे मुमुक्षु आश्रम में स्थित यज्ञशाला में मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन से रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। अरणी मंथन के द्वारा अग्निकुंड में अग्नि को प्रवेश कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चार ने परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर 16 ब्राह्मणों सहित मुख्य यजमान के रूप में डॉ आदेश पांडेय उपस्थित रहे। यज्ञाचार्य के रूप में जयंत पाठक, ऋषभदेव त्रिपाठी, आचार्य प्रवीण, रामगोपाल जी, विनय पाराशर, दिलीप त्रिवेदी, ललित शुक्ला, संजय पाठक आदि उपस्थित रहे। पूर्वान्ह 11 बजे कथा मंडप के समीप स्थापित श्री हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ हुआ।

**इन संतों ने बढ़ाई शोभा :** आध्यात्मिक माहौल में रंगे हुए परिसर की शोभा भारत के विभिन्न स्थानों से पधारे संतों की उपस्थिति से कई गुना बढ़ गई। इस अवसर पर अमरकंटक से पधारे महामंडलेश्वर श्री हरिहरानंद जी महाराज, कनखल (हरिद्वार) से पधारे अनंत श्री स्वामी अभेदानंद सरस्वती जी महाराज, गढ़मुक्तेश्वर से पधारे अनंत श्री स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज एवं ऋषिकेश से पधारे स्वामी गंगेश्वरानंद महाराज उपस्थित रहे।

**श्रीरामकथा से पूर्व निकाली मोटरसाइकिल यात्रा:** श्री राम कथा से पूर्व नगर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ रामकथा संदेशवाहन यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहर के खिरनी बाग मैदान से आरंभ हुई और सदर, बहादुरगंज, घंटाघर, चौक, चारखंभा सहज मार्ग जंक्शन होती हुई मुमुक्षु आश्रम पहुंची।

यहां मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, प्रबंध समिति के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा व एस एस कालेज के प्राचार्य प्रो. आर के आजाद ने पूरी यात्रा में बाइक पर सवार होकर चले ददरौल विधायक अरविंद सिंह व अन्य यात्रियों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रामकथा यात्रा में प्रभारी डा आलोक कुमार सिंह, सह प्रभारी डा. प्रांजल शाही, डा प्रमोद यादव, डा. कमलेश गौतम, डॉ जयशंकर ओझा, डॉ पवन गुप्ता, दुर्ग विजय, मृदुल पटेल, अमित कुमार, डा. गौरव सक्सेना, डा. रुपक श्रीवास्तव, नीलू कुमार, अखिलेश कुमार, राजनन्दन सिंह राजपूत, डा. अजय वर्मा, डा.बृज निवास, राम औतार सिंह, अभिजीत मिश्रा, डा संदीप दीक्षित आदि का विशेष सहयोग रहा।



श्रीरामकथा से पूर्व मोटरसाइकिल रैली निकालते युवक। ● अमृत विचार

**कलश-यात्रा से पावन हुई मुमुक्षु धरा :** मुमुक्षु आश्रम में संत विजय कौशल की श्री रामकथा का शुभारंभ भव्य और भावपूर्ण कलश-यात्रा के साथ हुआ।

कथा आयोजन से पूर्व श्रद्धा और सौभाग्य की प्रतीक पीत-वस्त्र धारण किए हुए 51 महिलाओं ने कलश यात्रा प्रभारी डा. कविता भटनागर के नेतृत्व में श्री शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ से एस.एस. कॉलेज मैदान में निर्मित कथा-पंडाल तक मंगल कलश-यात्रा निकाली। यात्रा के अग्रभाग में पुरोहितों द्वारा उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार से दिशाएं पवित्र हुईं, तो पीछे पीछे मुख्य कलश लेकर जब डा. कविता भटनागर और श्रद्धालु महिलाओं की कतार चली तो वातावरण को भक्ति-रस से सराबोर कर दिया। रास्ते में मुमुक्षु शिक्षा संकुल के अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो आरके आजाद आदि ने कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।कलश यात्रा में डा. बरखा सक्सेना, डॉ. दीप्ति गंगवार, डॉ. विनीता राठौर, डॉ.अन्जू लता अग्निहोत्री, डॉ.पूजा बाजपेई, डॉ. शिवांगी शुक्ला, सीतू शुक्ला, रश्मि राठौर, ममता सिंह, काजल का सहयोग रहा।

### मर्यादा के प्रतीक एवं करुणा के सागर थे राम : संत विजय कौशल

**शाहजहांपुर,अमृत विचार :** कथा व्यास संत श्री विजय कौशल जी महाराज ने ''श्री राम जय राम जय जय राम..'' भजन से कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रभु जिसे बुलाते हैं, वही कथा का श्रवण करने आता है। कथाव्यास ने याज्ञवल्क्य जी के द्वारा भारद्वाज ऋषि के आश्रम में प्रभु श्रीराम की महिमा के बखान के प्रसंग को बड़े ही रोचक ढंग से श्रोताओं के समक्ष रखा। कथाव्यास के मुख से "हरे रामा हरे रामा रामा रामा हरे हरे.." भजन सुनकर श्रोता भाव विभोर होकर झूमने लगे। इसके आगे कथा व्यास ने शिव एवं सती के प्रसंग का वर्णन किया। मंच संचालन कॉलेज के उपप्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल ने किया। कथा समापन के बाद अशोक अग्रवाल, श्रीमती कृष्णा अग्रवाल, प्राचार्य प्रो आरके आजाद एवं डॉ आलोक कुमार सिंह ने आरती की। प्रसाद वितरण विज्ञान संकाय के सेवानिवृत संकायाध्यक्ष हरीशचंद्र श्रीवास्तव की ओर से हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डी.पी. एस. राठौर, सोनिया, संजीव बंसल, उपेंद्र पाल, रामचंद्र सिंघल, डॉ जयशंकर ओझा, डॉ मेघना मेहंदीरत्ता, डॉ अमीर सिंह यादव, प्रो मीना शर्मा, प्रो आलोक मिश्र आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# दहेज के लिए बहू का गला दबाने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोप: देवर गलत नीयत से देखता था, पति समेत 12 पर रिपोर्ट दर्ज
- बहू ने बताया, ससुराल वाले मायके से 25 लाख रुपये लाने का दबाव डालते थे

**अमृत विचार:** दहेज में 25 लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने बहु को गला दबाकर मारने का प्रयास किया। आरोप है कि देवर ने उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया। पुलिस ने पति समेत 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले अमित राठौर निवासी कस्बा खुदागंज थाना खुदागंज के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने उससे कहा कि मायके से 25 लाख रुपये मंगाकर दो। उसने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल वाले 25 लाख रुपये की मांग पर अड़े रहे।

पीड़िता का आरोप है कि ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे और भूखा प्यासा रखने लगे। आरोप है कि ससुराल वालों ने कमरे में बंद करके कई बार मारा पीटा। आरोप है कि उसका देवर उस पर गलत नीयत रखता है और कमरे में अकेला पाकर कई बार गलत काम करने का प्रयास किया। जब उसने यह बात अपने पति और ससुराल वालों को बतायी तो कोई बात नहीं, देवर तो है। पीड़िता का आरोप है कि 21 फरवरी को उसके पति और अन्य लोगों ने पैसे की मांग को लेकर कमरे में बंद कर दिया और रस्सी से गला दबाने का प्रयास किया, जिससे वह बेहोश हो गयी।

उसे होश आया। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। किसी ने उसके मायके वालों को सूचना दी। 22 फरवरी को उसके मायके वाले आए और पुलिस को सूचना दी। उसके मायके वाले थाना सदर बाजार लेकर आए। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि पति अमित राठौर, ससुर धर्मेंद्र राठौर, सास रामवती, जेठ सुनील राठौर, सुमन राठौर समेत 12 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# चारा काटने गई छात्रा से छेड़छाड़ का आरोप

**कलान,अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ खेत में छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि रविवार को छात्रा पशुओं के लिए बरसीम काटने खेत पर गई थी, तभी गांव का ही एक युवक वहां पहुंच गया और उसे बुरी नीयत से पकड़ने की कोशिश करने लगा। शोर सुनकर उसकी बहन मौके पर पहुंची और उसे बचाने का प्रयास किया। इस पर आरोप है कि हमलावरों ने दोनों बहनों के साथ मारपीट की। सोमवार को छात्रा के पिता ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच की जा रही है।

# बिस्मिल उद्यान को बना दिया कार पार्किंग

- पार्क की दीवार से सटाकर और सड़क किनारे घंटों खड़ी रहती हैं कारें हर रोज लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महानगर में व्यस्ततम मार्ग पर खिरनी बाग में बिस्मिल उद्यान को लोगों ने कार पार्किंग स्थल बना दिया। पार्क की दीवार से सटाकर और सड़क किनारे घंटों कारें खड़ी रहती हैं। यहां हर रोज जाम लगता है। जिससे लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। इसकी कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला।

जाम की समस्या को हल करने के लिए जिला प्रशासन लगातार अभियान रहा है। महानगर में कई स्थानों पर खोदाई के कारण गड्ढे आदि खेद दिए गए हैं। जिससे समस्या विकराल होती जा रही है। अभियान का असर ज्यादा नहीं दिखाई दे रहा है। रोडवेज, लाल इमली चौराहा, बहादुरगंज तिराहा, सदर बाजार आदि पर जाम की समस्या बनी हुई है। महानगर के व्यस्ततम मार्ग खिरनी बाग में बिस्मिल उद्यान को लोगों ने कार पार्किंग बना दिया है। सुबह से शाम तक पार्क की दीवार से सटाकर और सड़क किनारे कारें लाइन से खड़ी रहती हैं। यहां से निकलने वाले चौपहिया और दोपहिया वाहनों को जाम लगने के कारण काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है।

### आपत्ति दर्ज कराने के बाद भी लोग नहीं मान रहे : त्रिपाठी

इस संबंध में बिस्मिल उद्यान की देखरेख करने वाले डा अवधेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि बिस्मिल उद्यान के आसपास कारें व अन्य वाहन खड़े किए जा रहे हैं। उन्होंने कई बार वाहन स्वामियों से आपत्ति भी दर्ज कराई, मगर लोग मान नहीं रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और नगर निगम को वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### महानगर में सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों के चालान किए जा रहे हैं : टीएसआई

टीएसआई बच्चू सिंह ने बताया कि महानगर में सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों के चालान किए जा रहे हैं। ट्रेफिक पुलिस हर रोज अभियान चला रही है। शहर में कई जगह अवैध कार पार्किंग बना दी गई हैं। विभाग इसके खिलाफ लोगों का जागरूक भी रहा है। अगर लोग नहीं मानेंगे तो और सख्ती की जाएगी।

# व्यापार बंधुओं ने उठाया जाम और अतिक्रमण का मुद्दा

- डीएम की अध्यक्षता में व्यापार प्रतिनिधियों ने रखीं मांगें
- बहादुरगंज व कचहरी गेट क्षेत्र में जाम से निजात पर जोर

संवाददाता, शाहजहांपुर




कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित व्यापार बंधु की मासिक बैठक में मौजूद जिलाधिकारी और व्यापारी प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं।

सचिन बाथम ने शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या का मुद्दा उठाते हुए ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की व्यवस्था ट्रांसपोर्ट नगर में सुनिश्चित कराने की मांग की। उन्होंने ई-रिक्शा की संख्या सीमित कर उनके लिए निर्धारित मार्ग तय करने का भी सुझाव दिया। जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता ने बहादुरगंज फव्वारा और शफी उल्ला टेलर के पास पुराने पेड़ के कारण सड़क पर 25-30 ठेले खड़े होने से मार्ग अवरुद्ध होने की समस्या बताई। उन्होंने ग्रिल के आगे ठेले न लगने देने और पेड़ हटाकर सड़क चौड़ीकरण कराने की मांग की। महानगर महामंत्री अमित शर्मा ने बहादुरगंज रिक्शा स्टैंड पर व्यापारियों की सुविधा के लिए पुरुष शौचालय के निर्माण की आवश्यकता बताई। महानगर संगठन मंत्री महेंद्र दुबे ने कचहरी गेट चौकी के पास सड़क पर खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होने की समस्या रखी। उन्होंने वहां दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने की मांग की, ताकि यातायात सुचारू रह सके। जिलाधिकारी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों में वृद्धि पर डीएम ने जताई नाराजगी

संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सख्त निर्देश
- जनवरी 2026 में दुर्घटनाएं 10 प्रतिशत, मौतें 2.77 प्रतिशत बढ़ीं

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनवरी 2026 की तुलना जनवरी 2025 से की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत तथा मृत्यु संख्या में 2.77 प्रतिशत वृद्धि पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए सभी दुर्घटनाओं की विस्तार से समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान सामने आया कि अधिकांश मौतें दो पहिया वाहनों से जुड़ी दुर्घटनाओं में हुईं और हेलमेट न पहनना प्रमुख कारण रहा। इस पर जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग और परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। मृत्यु संख्या में 2.77 प्रतिशत वृद्धि पाई गई। बैठक में शाहजहांपुर के अतसलिया फाटक को दुर्घटना संभावित स्थल मानते हुए उसके चौड़ीकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। साथ ही नगर निगम को मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया।

# दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, खुटार

- हिंदू संगठन ने आरोपियों को पकड़ने को दिया था ज्ञापन



पुलिस हिरासत में दुष्कर्म के आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चार दिन बाद दुष्कर्म के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस प्रकरण में हिंदू संगठन ने भी पुलिस को ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई थी।

पुलिस की कार्रवाई के बाद मामला शांत हो गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री से गैर समुदाय के दो युवकों ने अनस जैन नाम रखकर दोस्ती की थी। 20 फरवरी की रात अनस अपने दोस्त चांद मोहम्मद के साथ पुत्री को गांव से लेकर चला गया था। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी गई थी। 21 फरवरी को पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस जांच में सामने आया कि अनस जैन नाम की इंस्टाग्राम आईडी चलाने वाला युवक अनस पुत्र अब्दुल खालिद निवासी मोहम्मदपुर गोटी, थाना सुल्तानपुर, जिला फतेहपुर का रहने वाला है और उसका साथी चांद मोहम्मद पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी परखोली थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर का निवासी है। जबकि दोनों आरोपियों ने किशोरी के साथ गांव के बाहर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। इस मामले में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने आरोपियों की गिरफ्तारी गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की थी। मंगलवार को संगठन ने सीओ कार्यालय पर प्रदर्शन का ज्ञापन देने की बात कही थी। लेकिन इससे पहले ही खुटार थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष को ज्ञापन दे दिया। मंगलवार दिन में 11:50 बजे पुनौती कलां मोड़ के पास मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में दरोगा विजयपाल सिंह, सिपाही सिकंदर, हरिओम सिंह शामिल रहे।

# रमजान और होली के बीच बोर्ड बैठक टालने की मांग

संवाददाता, तिलहर

- सभासदों ने 25 फरवरी की बजट बैठक स्थगित करने को दिया पत्र

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की 25 फरवरी बुधवार दोपहर 2 बजे प्रस्तावित बजट बोर्ड बैठक को स्थगित करने की मांग को लेकर सभासदों ने पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम को पत्र सौंपा है।

सभासदों का कहना है कि रमजान माह के दौरान दोपहर 2 बजे नमाज का समय होता है। इसके अलावा महिला सभासदों पर पारिवारिक जिम्मेदारियां भी रहती हैं। ऐसे में बैठक को किसी अन्य तिथि पर आयोजित किया जाए और अगली तारीख का निर्धारण सभासदों की बैठक में किया जाए। पालिका अध्यक्ष को दिए गए पत्र पर शहनाज बेगम, सफिया, सायरा बी, जबीदा बेगम, अकरम, शानू, आसिफ खान, तौसीफ खान, संदीप रस्तोगी, राखी गुप्ता, अभिषेक सिंह, स्वाती सोनू खन्ना, गंगा सहाय, संगीता सिंह, अमित कुमार, राधा गुप्ता, राजीव यादव, सत्येंद्र सिंह और रेशनवती के हस्ताक्षर हैं। नगर पालिका अध्यक्ष हाजरा बेगम से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि बोर्ड बैठक का समय बुधवार दोपहर 2 बजे निर्धारित है और इसकी सूचना संबंधितों को दी जा चुकी है। सभासदों के पत्र की जानकारी भी उन्हें प्राप्त हुई है।

# लाट साहब जुलूस और होलिका दहन की तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




कलेक्ट्रेट सभागार में लाट साहब जुलूस और होलिका दहन की तैयारियों पर समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी व अधिकारी। ● अमृत विचार

- डीएम की अध्यक्षता में जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक
- ड्यूटी प्वाइंट का स्थलीय निरीक्षण और बैरिकेडिंग के निर्देश
- जुलूस मार्ग पर वाहनों पर प्रतिबंध सीसीटीवी-ड्रोन से निगरानी

**अमृत विचार:** छोटे एवं बड़े लाट साहब के जुलूस तथा होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में भ्रमण कर ड्यूटी स्थलों और व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी ड्यूटी प्वाइंट और आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण करें तथा स्थानीय नागरिकों और संभ्रांत व्यक्तियों से समन्वय बनाकर उनके नाम और संपर्क विवरण की सूची तैयार रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहयोग लिया जा सके। विद्युत विभाग से समन्वय कर ढीले और जर्जर तारों को ठीक कराने, ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित ढकवाने और जुलूस मार्ग व संवेदनशील स्थलों पर बैरिकेडिंग सहित सभी सुरक्षात्मक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ड्यूटी पर तैनात कोई भी अधिकारी निर्धारित समय से पहले अपना स्थान नहीं छोड़ेगा। सभी अधिकारी पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाएं। जुलूस के दौरान निर्धारित मार्गों पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। होलिका दहन को लेकर निर्देश दिए गए कि ड्यूटी अधिकारी समय से पहले अपने क्षेत्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच करें। होलिका दहन स्थलों पर साफ-सफाई, बालू की उपलब्धता और अन्य सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं तथा परंपरागत स्थानों पर ही कार्यक्रम कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जुलूस के दौरान तीन एंबुलेंस, पर्याप्त दवाएं और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सीएचसी और पीएचसी पर भी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर आयुक्त को जुलूस मार्ग पर पानी के टैंकर, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जुलूस मार्ग को जोन और सेक्टर में बांटकर अधिकारियों और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और ड्रोन के जरिए भी नजर रखी जाएगी। रिजर्व पुलिस बल की भी व्यवस्था की गई है। पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए गए कि वे समय से पहले ड्यूटी स्थल न छोड़ें और वाहन इस प्रकार पार्क करें कि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत निकाला जा सके। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी निष्ठा और सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और होली के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं। बैठक में नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कमलबाग में कार पर पथराव, शीशे तोड़े

- देर रात शरारती तत्वों की हरकत सीसीटीवी में कैद

संवाददाता, पुवायां




कमलबाग मोहल्ले में कार पर पथराव की घटना के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के कमलबाग मोहल्ले में देर रात शरारती तत्वों ने घर के बाहर खड़ी चार पहिया गाड़ी पर पथराव कर दहशत फैला दी। घटना में आढ़ती शीलेंद्र सिंह की कार के शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों ने वाहन देखा तो नुकसान का पता चला, जिसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई।

बताया गया कि कुछ अज्ञात युवक कार से पहुंचे और घर के बाहर खड़ी गाड़ी को निशाना बनाते हुए पत्थर फेंके। पथराव करने के बाद सभी युवक वापस कार में बैठकर मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में कुछ युवक कार से उतरकर गाड़ी पर पत्थर मारते और फिर तेजी से वहां से निकलते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित शीलेंद्र सिंह का कहना है कि किसी से कोई रंजिश नहीं है, इसके बावजूद इस तरह की हरकत से परिवार में भय का माहौल बन गया है। उन्होंने आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। नगर में बढ़ रही इस प्रकार की घटनाओं से लोगों में आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों ने रात्रि गश्त बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की मांग उठाई है।

अमृत विचार
बरेली, बुधवार,25 फरवरी 2026
शाहजहांपुर



**इफ्तार** बुधवार
सुन्नी : 6:12
शिया : 6:26

**सहरी** बृहस्पतिवार
सुन्नी : 5:15
शिया : 5:08

# दूध में यूरिया, केमिकल बिगाड़ रहे सेहत

## त्यौहार नजदीक आते ही मिलावटखोर सक्रिय, मावा में मैदा, शकरकंद, आलू आदि मिलाए जा रहे

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** दूध में यूरिया और केमिकल की मिलावट से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी जिले में मिलावटी और दूषित दूध बेचने की बात को पूरी तरह से नकार रहे हैं। हालांकि उनके दावे सच से काफी दूर हैं। होली पर सर्वाधिक खपत दूध से बनी मिठाइयों या फिर मावा से तैयार गुझिया की होती है। इसलिए मिलावटखोर अन्य चीजों के अलावा दूध में मिलावट करने में व्यस्त हैं। घरों में गुझिया बनाने की परंपरा की वजह से मावा की मांग बढ़ गई है। उसमें मैदा, शकरकंद, आलू आदि स्टार्च युक्त पदार्थों की मिलावट तेजी से बढ़ गई है।

होली में दूध विक्रेता अधिकांश दूध मावा बनाने में खपा रहे हैं। इसलिए घरों में पहुंचने वाले दूध में पानी की मात्रा भी बढ़ गई है। वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग दूध, मिठाई, खोया आदि के नमूने लेने



गांव से शहर आकर दूध बेचता दूधिया।

का अभियान जारी रखे है। होली में एक सप्ताह शेष है, इसलिए तेजी के साथ दूध से खोया बनाया जा रहा है। गांव देहात से लाकर घरों में दूध देने वाले दूधिया को उनकी मांग के अनुरूप दूध नहीं मिल रहा है। ऐसे में घरेलू ग्राहक टूटने से बचाने के लिए दूधिया दूध में पानी की मिलावट करने लगे हैं। इतना ही नहीं, अधिक मुनाफा कमाने के लिए मशीन से दूध की क्रीम निकालकर उसकी अलग से बिक्री कर रहे हैं। दूधिया अपने वाहनों पर कई कंटेनर लटकाकर अलग-अलग क्वालिटी का दूध 50 से लेकर 60 रुपये लीटर तक बेच रहे हैं। डेयरियों पर 50 से 60 रुपये लीटर के भाव बिकने वाले दूध में भी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। महानगर में देहात क्षेत्र से साइकिलों और बाइकों पर दूध के कंटेनर लाने वाले फुटकर विक्रेताओं ने मिलावट करने के महानगर में कई ठिकाने बना रखे हैं। सुबह लाल इमली चौराहा, सदर बाजार के पास दूधिये जुटते है।

तेल टंकी रोड पर लकड़ी की टाल के पास भी दूधिये जमा होते हैं। अधिक मात्रा में दूध लाने वालों से छोटे दूधिया मोलभाव कर दूध खरीदने के बाद उसे अलग-अलग कंटेनरों में भरकर पानी की मात्रा के अनुसार दूध के रेट तय करते हैं। मिठाई विक्रेताओं के आगे उनकी दाल नहीं गलती, क्योंकि हलवाई प्रति लीटर दूध की मात्रा तय करने से पहले उसका मावा बनाकर देखते हैं।

### दूधियों की चेकिंग कराई जा रही है : मिश्र



त्योहार का सीजन आते ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से दूधियों की चेकिंग कराई जा रही है। जिले में अभी तक सिंथेटिक दूध का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। दूध के जो नमूने जांच में फेल हो रहे हैं, उनमें सॉलिड नॉट फैट की कमी पाई जा रही है, जो दूध से क्रीम निकाले जाने और पानी की मिलावट होने की पुष्टि करता है। अभी तक दूध अथवा दुग्ध उत्पादों का ऐसा कोई नमूना नहीं मिला, जिसमें कोई गैर खाद्य अथवा शरीर के लिए हानिकारक वस्तु की मिलावट पाई गई हो। जल्द ही खोया मंडी में निरीक्षण किया जाएगा।

**- चंद्रशेखर मिश्रा, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी।**

### दूध भी अब दूषित और मिलावटी : डॉ आनंद



बाजार में बिकने वाली खानपान की हर चीज में मिलावट हो रही है। दूध भी अब दूषित और मिलावटी हो गया है। दूध को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए उसमें फार्मेलिन रसायन मिलाने या फिर गाढ़ापन लाने के लिए यूरिया, केमिकल, सफेद पेंट आदि मिलाया जा रहा है। भैंस व गाय को ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाकर दूध निकाला जा रहा है,जो बेहद हानिकारक है। लगातार मिलावटी दूध पीने से आंतों में सूजन के साथ लीवर, किडनी आदि शारीरिक अंग फेल होने की प्रबल आशंका रहती है।

**-डॉ . आनंद प्रकाश मिश्र, वरिष्ठ फिजीशियन।**

# पान मसाला और सिगरेट की ओवररेटिंग से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, अल्हागंज

- **पुराने प्रिंट पर नए दाम वसूले जाने से बाजार में आक्रोश**
- **एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक रहे तंबाकू उत्पाद**

**अमृत विचारः** मसाला, तंबाकू, बीड़ी और सिगरेट के होलसेल विक्रेताओं पर पुराने प्रिंट वाले स्टॉक को नए बढ़े हुए दामों पर बेचने का आरोप लगा है। इससे खुदरा दुकानदारों और उपभोक्ताओं में रोष है। सोशल मीडिया पर शिकायतें सामने आने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार बाजार में कमला पसंद, पान पराग, किशोर, सिगरेट और बीड़ी समेत अन्य तंबाकू उत्पाद पुराने रेट प्रिंट के साथ उपलब्ध हैं। आरोप है कि पैकेट पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। इससे ग्राहकों को सीधे आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कमला पसंद 39 पुड़ियों का पैकेट, जिस पर 165 रुपये एमआरपी अंकित है, 250 रुपये में बेचा जा रहा है। इसी तरह गोल्ड फ्लैक सिगरेट, जिस पर 95 रुपये एमआरपी है, 102 रुपये में बिक्री हो रही है। किशोर पान मसाला, जिसकी कीमत 150 रुपये अंकित है, 180 रुपये में बेचा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कंपनियों ने रेट बढ़ाए हैं, इसलिए उन्हें भी नई कीमत पर माल बेचना पड़ रहा है। वहीं उपभोक्ताओं का कहना है कि जब पैकेट पर पुराना एमआरपी अंकित है तो उससे अधिक वसूली नियमों के खिलाफ है। नगर में चर्चा है कि यदि प्रशासन गोदामों की जांच करे तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। अब तक कोई निरीक्षण या छापेमारी नहीं होने से अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि ओवररेटिंग पर रोक लगाई जा सके और उपभोक्ताओं का शोषण बंद हो।

# युवती को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने दी गई तहरीर में बताया कि 19 फरवरी को उसके परिवार में शादी थी। गांव का अंकित कुमार उसकी 18 वर्षीय पुत्री को अगवा करके ले गया है। आरोपी के परिवार वालों ने दो दिन में युवती को वापस करने के लिए कहा था, लेकिन वापस नहीं किया। उसकी पुत्री घर से अपने साथ जेवर ले गयी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# इंडियन नॉलेज सिस्टम पर ज्ञानवर्धक आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में फूड एग्जीबिशन से आयुर्वेद तक चर्चा**
- **पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाया पोषण ज्ञान**
- **मिलेट्स और संतुलित आहार अपनाने का विशेषज्ञों ने दिया संदेश**

**अमृत विचारः** बंथरा स्थित वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में "इंडियन नॉलेज सिस्टम" विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रातः 10:30 बजे किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति, आयुर्वेद, पारंपरिक खान-पान और जीवनशैली के महत्व से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों की ओर से आयोजित फूड एग्जीबिशन से हुई। इसमें छात्रों ने बाजरा, ज्वार, रागी, दाल और देसी अनाज से बने पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए तथा उनके पोषण लाभ बताए। प्रतियोगिता



इंडियन नॉलेज सिस्टम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रो-चांसलर डॉ . अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ . किरन अग्रवाल व विद्यार्थी। ● अमृत विचार

में बीएससी नर्सिंग के रुद्र प्रताप सिंह और सिमरनजीत कौर प्रथम रहे। एमबीबीएस की सुरभि और सुप्रियांजलि द्वितीय, फार्मेसी के प्रकाश विश्वास और शोभा देवी तृतीय तथा बीएससी फॉरेंसिक की नव्या और लायवा चतुर्थ स्थान पर रहीं। निर्णायकों ने प्रस्तुति और जानकारी की सराहना की।

मुख्य अतिथि एवं प्रो-चांसलर डॉ. अशोक अग्रवाल ने भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आयुर्वेदाचार्य चरक के आहार सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए समय पर और संतुलित भोजन की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि शरीर और मन को संतुलित रखने का माध्यम है। ताजा, सुपाच्य भोजन और ऋतु के अनुसार दिनचर्या अपनाने पर जोर देते हुए अधिक भोजन और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी। कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल ने मिलेट्स यानी श्री अन्न के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि बाजरा, ज्वार और रागी जैसे अनाज फाइबर, आयरन, कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होते हैं और मधुमेह, मोटापा व हृदय रोग से बचाव में सहायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन्हें दैनिक आहार में शामिल करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार डॉ अनिल पाल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ रविंद्र नाथ शुक्ला, फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य एवं आईकेएस सेल चेयरपर्सन डॉ प्रदीप सिंह, एनईपी सारथी को-ऑर्डिनेटर पूर्णिमा, उप-चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान, नर्सिंग कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ दीपक पचोरी, पैरामेडिकल विभाग की उप-प्राचार्या नेहा, फॉरेंसिक विभाग से इशिका सक्सेना और मीडिया प्रभारी इंजीनियर सचिन चौहान सहित अनेक शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। अंत में कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी परंपरा से जोड़ने में सहायक हैं।

# बीएसए ने शिक्षक संगठनों संग की बैठक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कार्यालय सभागार में बैठक कर छात्र हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक संगठनों को अपने अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बीएसए ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन विद्यालय भवनों को कम खर्च में जर्जर होने से बचाया जा सकता है, वहां कंपोजिट ग्रांट से तत्काल मरम्मत कराई जाए। विद्यालयों के शौचालय और रसोईघर की साफ-



बीएसए कार्यालय सभागार में शिक्षक संगठनों के साथ बैठक करतीं दिव्या गुप्ता।

- **छात्र हित सर्वोपरि, पढ़ाई और सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

सफाई पर विशेष ध्यान देने को भी कहा गया। उन्होंने बताया कि इस समय बड़ी संख्या में शिक्षक एसआईआर और बोर्ड परीक्षा ड्यूटी में लगे हैं, ऐसे में विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने चयन वेतनमान की स्वीकृति और किए गए समायोजनों को शासनादेश व न्यायालय के आदेशों के अनुरूप लागू करने की मांग रखी। बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जिला संगठन मंत्री अंकुर त्रिपाठी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मंगरे लाल, जिला मंत्री विश्राम सिंह, बेसिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकमल आर्य सहित प्रदीप जायसवाल, यशपाल सिंह यादव, विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत एवं राम कथा का समापन

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर में वीरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं राम कथा का हवन पूजन के साथ समापन हो गया। समापन दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया ।शाहजहांपुर से पधारे कथा वाचक अरविंद शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा एवं राम कथा के आयोजन में भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, त्याग, मर्यादा और धर्मपालन की प्रेरणादायी घटनाओं का उल्लेख करते हुए श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं ।समापन दिवस पर कथा वाचक ने कहा कि श्रीराम कथा हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से भक्ति, श्रद्धा और नैतिक मूल्यों का महत्व भी समझाया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु श्रोतागण मौजूद रहे।

# एआई समिट प्रकरण पर कांग्रेस का पुतला फूंका

संवाददाता, अल्हागंज

- **पूर्व चेयरमैन चंद्रेश गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने की नारेबाजी**
- **अर्धनग्न प्रदर्शन को बताया देश विरोधी कृत्य**

**अमृत विचारः** एआई समिट कार्यक्रम में आए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में कस्बे में कांग्रेस का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर पंचायत की पूर्व चेयरमैन तथा भाजपा ब्रज प्रांत की महिला उपाध्यक्ष चंद्रेश गुप्ता ने किया।

पुतला दहन के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर चंद्रेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अर्धनग्न प्रदर्शन देश विरोधी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी सत्ता प्राप्ति के लिए इस प्रकार के कदम उठा रहे हैं और विदेशों में जाकर प्रधानमंत्री के खिलाफ आरोप लगाकर केंद्र सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश और सनातन धर्म के विरुद्ध अभियान चला रही है, लेकिन देश की जनता इसका जवाब देगी। कार्यक्रम में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका और राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाए।

# एसडीएम ने चीनी मिल भूमि का किया निरीक्षण

संवाददाता, तिलहर

- **मौजमपुर स्थित वर्तमान बस स्टैंड से जाम की समस्या**
- **मंडी समिति के सामने 14 बीघा भूमि की पैमाइश कर भेजी रिपोर्ट**

**अमृत विचारः** नगर में रोडवेज बस स्टैंड को हाईवे किनारे शिफ्ट करने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम सदानंद सरोज ने मंडी समिति के सामने हाईवे किनारे स्थित चीनी मिल की जमीन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद राजस्व टीम ने पैमाइश कर 14 बीघा भूमि की रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम को सौंप दी, जिसे जिलाधिकारी को भेजा जा रहा है।

नगर के बीच मोहल्ला मौजमपुर में वर्तमान रोडवेज बस स्टैंड स्थित है। बाजार क्षेत्र में होने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनती है। जाम से बचने के



हाईवे किनारे प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते एसडीएम और राजस्व टीम।

लिए कई बस चालक बस स्टैंड तक वाहन नहीं ले जाते, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। इस संबंध में पूर्व में शिकायतें भी हुई थीं और शाहजहांपुर से अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर कार्रवाई की गई थी। कई बस चालकों पर जुर्माना भी लगाया गया था। इसके बावजूद यात्रियों को हाईवे तिराहे या बाईपास चौराहे से बस पकड़ने को मजबूर होना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने हाईवे किनारे नई जगह तलाशने की प्रक्रिया शुरू की है। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है। आगे का निर्णय रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने प्रशासन की पहल पर संतोष जताया। उनका कहना है कि यदि नवीन गल्ला मंडी के सामने रोडवेज बस स्टैंड बनता है तो नगरवासियों और यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सशक्तिकरण को वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय की पहल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **ग्राम प्रधानों संग बैठक में सस्ती और आधुनिक चिकित्सा का भरोसा**
- **एनएबीएल प्रमाणित लैब व 24 घंटे सीटी-एमआरआई सुविधा उपलब्ध**
- **प्रमुख सर्जरी अधिकतम 7000 रुपये तक, रियायती पैकेज की जानकारी**

**अमृत विचारः** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल की ओर से ग्राम प्रधानों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने की।

बैठक की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय और रोहिलखंड अस्पताल का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी शहरों जैसी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि अब मरीजों को दिल्ली या लखनऊ जैसे बड़े शहरों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मशीनें और प्रशिक्षित विशेषज्ञ मौजूद हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि अस्पताल की केंद्रीय प्रयोगशाला



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में आयोजित बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

एनएबीएल से प्रमाणित है, जिससे जांच की गुणवत्ता और सटीकता सुनिश्चित होती है। सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। प्रमुख सर्जरी सामान्य परिस्थितियों में अधिकतम 7000 रुपये तक की लागत में की जा रही हैं, जिनमें अपेंडिक्स, हर्निया और गुर्दे की पथरी के ऑपरेशन शामिल हैं। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कैंसर, डायबिटीज, हड्डी रोग और महिला रोगों के लिए विशेष रियायती पैकेज चलाए जा रहे हैं। सामान्य बुखार, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों की जांच और उपचार 100 रुपये से शुरू होने वाले पैकेज में उपलब्ध हैं। क्रिटिकल केयर यूनिट में वेंटिलेटर सुविधा भी किफायती दरों पर उपलब्ध है। उन्होंने प्रधानों से आग्रह किया कि वे इन सुविधाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ रविंद्र नाथ शुक्ला ने कहा कि संस्थान सेवा और अनुशासन की भावना से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक ग्रामीण बच्चे की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जिससे उसके परिवार को राहत मिली। त्वचा रोग विभागाध्यक्ष ने गांवों में बढ़ती एलर्जी, फंगल संक्रमण और एक्जिमा जैसी समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अस्पताल में लेजर उपचार और स्किन टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध है। बाल रोग विभाग के प्रोफेसर ने नवजात गहन चिकित्सा इकाई की जानकारी दी और गर्भवती महिलाओं व बच्चों के नियमित परीक्षण पर जोर दिया। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष एवं केंद्रीय प्रयोगशाला प्रभारी ने बताया कि खून, पेशाब सहित अन्य सभी जांच अत्याधुनिक मशीनों से की जाती हैं और रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाती है। कैंसर स्क्रीनिंग, बायोप्सी और अन्य विशेष जांचें भी यहीं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की इस पहल का स्वागत किया और सहयोग का आश्वासन दिया।

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस का पुतला फूंका

**तिलहर, अमृत विचारः** एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नगर के भक्सी तिराहे पर कांग्रेस का पुतला फूंका। बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी की सांसद और महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे आपत्तिजनक करार दिया और महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को विरोध दर्ज कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलामंत्री चंद्रकांता त्रिवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ता भक्सी तिराहे पर एकत्र हुए। यहां कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की गई और पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। चंद्रकांता त्रिवेदी ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आयोजन के दौरान इस प्रकार का प्रदर्शन देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपनी मानसिकता में सुधार लाने की बात कही। पुतला दहन के दौरान गायत्री श्रीवास्तव, मीना शर्मा आदि रहीं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

## न्यूज ब्रीफ

### आसफपुर में ग्रामोद्योग जागरुकता शिविर आज लगेगा

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन आसफपुर ब्लॉक परिसर 25 फरवरी को होगा। जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

### पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामला गांव कासिमपुर का है। एक युवक शराब पीने का आदी था। जिसकी वजह से उसका अपनी पत्नी के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। घर में कलेश रहता था। बताया जा रहा है कि सोमवार रात युवक के परिवार में कोई कार्यक्रम था। घर पर मेहमान आए हुए थे। दावत चल रही थी। इसी बीच युवक शराब पीकर घर पहुंचा तो पत्नी से कहासुनी हो गई। जिससे गुस्साए युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजन जागे तो शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने शव फंदे से उतारा और बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया।

### जनता दर्शन की शिकायतों का अधिकारी समयबद्ध करें निस्तारण

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन के सख्त रुख अपनाए जाने के बाद डीएम अवनीश कुमार राय ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। आदेश में कहा है कि प्रत्येक कार्यालय में जन सामान्य की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। उनका समयबद्ध निस्तारण किया जाए। शिकायत के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहा है कि संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि शिकायतकर्ता को नियत समयावधि में संतोषजनक एवं तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी प्रकरण में स्थलीय निरीक्षण अथवा जांच आवश्यक हो तो नियमानुसार जांच कराते हुए निस्तारण किया जाएगा।

# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में 105.16 करोड़ का बजट पास

## नहीं हुए प्रस्तावित काम तो बोर्ड की बैठक में फूटा सदस्यों का गुस्सा, अध्यक्ष के आश्वासन पर हुए शांत हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बोर्ड बैठक की अध्यक्षता करती जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव, एडीएम अरुण कुमार और विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बोर्ड की बैठक जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा सिंह की अध्यक्षता में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, प्रमुख क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के सदस्यों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन (पर्यवेक्षक) अरुण कुमार व जनपद के जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में 105- 16 करोड़ का सर्वसम्मति से बजट पास किया गया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में सबसे पहले गत बैठक की पुष्टि सदन द्वारा सर्वसम्मति से की गयी। प्रस्ताव दो पर पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 रुपए 52 करोड़ 56 लाख एवं मूल बजट वर्ष 2026-2027 रुपए 52 करोड़ 60 लाख की स्वीकृति पर चर्चा की गयी, जिसे सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त सड़कों की मांग के आवेदनों की स्वीकृति पर विचार हेतु सदन के समक्ष रखा गया, जिस पर सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि प्राप्त मार्गों का सर्वे कराकर सड़कों को सम्बन्धित सदस्यों से प्रस्ताव लेकर आगामी कार्ययोजना में रखा जाये।

जनपद के विभिन्न विभागों में चल रहे विकास कार्यों से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सदन के समक्ष रखा गया, सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही सम्बन्धित समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से जिला पंचायत कुँवरगाँव स्थित भूमि गाटा सं.-1064 को गौशाला निर्माण के प्रस्ताव को सदन में रखा गया। जिस पर सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की है।

सदस्य द्वारा जिला पंचायत सभागार का आवंटन शुल्क कम है जिससे सभागार की सफाई एवं अन्य व्यवस्था के लिए बढ़ाये जाने का प्रस्ताव रखा जिसको 2500 रूपए से बढाकर अकंन 5000 रुपए किये जाने पर सदन द्वारा स्वीकार किया गया। सभी सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल की प्रशंसा की। अन्त में अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में उपस्थित जिला पंचायत के सदस्यों, एवं अधिकारियों का आभार प्रकट किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी। बैठक में अपर मुख्य अधिकारी विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

### प्रस्तावित काम न होने पर सदस्यों में फूटा गुस्सा

बैठक में जिला पंचायत सदस्य मोहर सिंह ने कहा कि बोर्ड बैठक की उन्हे सूचना तक नहीं दी गयी। बैठक के एजेंडे के बारे में उन्हें जानकारी नही थी किसी ने भी उनको लिखित या मौखित सूचना नहीं दी।पिछली बोर्ड की बैठक में प्रस्तावों पर कुछ काम नहीं किया गया। ठेकेदार उन्हे तरजीह नहीं दे रहे हैं जिला पंचायत के उपेक्षापूर्ण रवैये से वह आहत हैं। सदस्य का आरोप था कि पिछली बार बैठक में भी आश्वासन दिया गया उसके बाद उनसे किसी ने संपर्क नहीं किया इस जिला पंचायत प्रशासन की मनमानी दर्शाता है। कछला क्षेत्र के सदस्य झंडू भैया ने कहा कि उनके वार्ड तीन साल से एक नाला नहीं बना है जिससे उनके वार्ड के लोगों को परेशानी हो रही है। गांव चतुरी नगला में नाला न बनने से लोगों में गुस्सा है।

### गैरहाजिर रहने पर निंदा प्रस्ताव पारित

बोर्ड की बैठक में कई विभाग गैर हाजिर रहे जिस पर सदस्यों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि बाढ़ खंड और वन विभाग के अधिकारी कभी किसी बैठक में नहीं आते हैं जिससे उनसे संबंधित शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाता है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था। जो विभाग गैर हाजिर रहे उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही चेतावनी दी गयी कि अगली बैठक में उन विभागों के खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी।

### कलेक्ट्रेट में स्थापित हुआ कंट्रोल रूम

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि होली पर जनपद में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए व्यापक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट संवेदनशील स्थानों पर आवश्यकतानुसार अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती करेंगे। नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया है कि होली से पूर्व मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बताया कि जनपद में परंपरागत तरीके से ही त्योहार मनाया जाये, कोई नई परम्परा नहीं डाली जाएगी। बताया कि शिकायतों को दर्ज कराने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

जिसके दूरभाष नंबर 05832-266052, 05832-266050, 05832-266049 एवं मोबाइल नंबर 7503389289 हैं। इन नंबरों पर शिकायत की जा सकती है।

# युवाओं को वोटर बनने के लिए किया प्रेरित



छात्रों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित करते प्रवक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में चुनाव आयोग के वोट फॉर न्यू इंडिया अभियान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 18 वर्ष के हो चुके सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें चुनावों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए शपथ भी दिलाई।

कॉलेज प्रवक्ता डॉ. राकेश जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र का आधार स्तम्भ जागरूक मतदाता है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अब देश के भविष्य नहीं वर्तमान हैं। वोटर आईडी बनवाना न केवल उनका अधिकार, बल्कि कर्तव्य भी है। हमारा लक्ष्य है कि महाविद्यालय के प्रत्येक छात्र मतदाता बने और जागरूक नागरिक के रूप में समाज को मजबूत करें।

# टनकपुर अछनेरा विशेष यात्री ट्रेन में जोड़ा गया एक और कोच

- होली की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बढ़ाया कोच
- कल से ट्रेन में होंगे 17 कोच, यात्रियों को होगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



रेलवे स्टेशन पर बैठे यात्री। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्योहार पर होने वाली भीड़ को देखते हुए जनता की सुविधा को टनकपुर - अछनेरा ट्रेन में कोच बढ़ाए हैं।

टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी में टनकपुर एवं अछनेरा से 26 फरवरी से वातानुकूलित कुर्सीयान का 1 अतिरिक्त कोच स्थाई रूप से लगाया जायेगा।

रेलवे प्रशासन की ओर से बताया गया है कि होली के त्यौहार पर ट्रेन से आने जाने वाले यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। टनकपुर अछनेरा विशेष ट्रेन में कोच कम होने से यात्रियों को गन्तव्य तक पहुंचने में दिक्कत होती है प्रत्येक स्टेशन से यात्रियों का रेला ट्रेन में चढ़ता है सैकड़ो यात्री छूट जाते हैं जिससे एक ओर रेलवे को आर्थिक नुकसान होता है वहीं यात्रियों को भारी दिक्कत होती है। उक्त समस्या को देखते हुए गोरखपुर रेलवे प्रशासन के निर्देश पर इज्जत नगर रेल प्रशासन ने अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है।

जिसके चलते अब 26 फरवरी से संशोधित रेक संरचना के अनुसार इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 13, वातानुकूलित कुर्सीयान के 2 तथा एस.एल. आर.डी. के 2 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे।

जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि टनकपुर अछनेरा विशेष ट्रेन में 26 फरवरी से अतिरिक्त कोच लगा दिए जाएंगे। बताया कि फिलहाल उक्त बढ़े हुए कोच अगले आदेश तक लगे रहेंगे जिससे इस लाइन पर यात्रियों को सुविधाजनक रेल सेवा मिल सके।

### आज से चलेगी मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक ट्रेन

होली पर्व को ध्यान में रखते हुए कई अन्य ट्रेनें भी चलयी गयी हैं। जिनसे अब यात्रियों को सेंट्रल मुंबई तक आने जाने की सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन साप्ताहिक है जो 25 फरवरी से शुरू हो रही है। उक्त ट्रेन की समय सारिणी दो दिन पूर्व ही प्लेटफार्म पर लगा दी गयी है। अब अछनेरा टनकपुर ट्रेन में भी एक और कोच लगाया गया है जिससे इस रूट पर यात्रियों को सुविधा होगी। ट्रेनों में कोच लगने से रेल प्रबंधन को लाभ होगा।

### प्लेटफार्म दो पर रहेंगे अतिरिक्त पुलिसकर्मी

होली के त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए प्लेटफार्म दो पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी लगाए गए हैं जिससे इस प्लेटफार्म पर उतरने वाले या ट्रेन पर चढ़ने वाले यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न हो। प्लेटफार्म के पीछे दीवार लगा कर सुरक्षाकवच तैयार कर दिया गया है जिससे आवारा घूमने वाले लोग इधर न पहुंच सकें। यात्रियों को बैठने को पीने के पानी की व्यवस्था कर दी गयी है।

> टनकपुर अछनेरा ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाने का आदेश गोरखपुर मंडल का है जिस पर बरेली से काम शुरू कर दिया गया है। अब 26 फरवरी से उक्त ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच लग कर आएगा। जिससे यात्रियों को अब दिक्कत नहीं होगी। ट्रेन में सुविधापूर्वक यात्रा को रेलवे प्रशासन ने उक्त निर्णय लिया है।
>
> **-विशम्भर दयाल**, स्टेशन मास्टर।

# होली की रौनक से बाजार गुलजार



उझानी के बाजार में लगा जाम। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार:** होली को लेकर बाजार गुलजार हो चुका है। मंगलवार को बाजार में भारी भीड़ भाड़ रही। गली-मोहल्लों के बाजार में भी भीड़ रही, वहीं मुख्य बाजार में खरीदारी करने के लिए पहुंचे लोगों को ट्रैफिक व्यवस्था बेपटरी हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को सुबह से ही भीड़ रही लेकिन शाम तक उसने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सबसे ज्यादा भीड़भाड़ क्लॉथ स्टोर, शूज स्टोर और रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर रही। हालांकि पुलिस की ओर से बाजार में भारी वाहनों के लिए नो-एंट्री की हुई है।

ट्रैक्टर ट्रॉलियों, कारों आदि की आवाजाही की वजह से बाजार में जाम लग गया।घंटाघर चौराहा, पुरानी अनाज मंडी मोड़, हलवाई चौक मोड़ के अलावा स्टेशन रोड पर भी लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# होली के रंग में रंगा बाजार, सज गई दुकानें, मुखौटे बने बच्चों की पसंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हर्बल रंग और गुलाल को ग्राहक कर रहे पसंद
- खरीदारी को बाजार में उमड़ रही लोगों की भीड़

**अमृत विचार:** होली का त्योहार जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे वैसे उल्लास बढ़ता जा रहा है। बाजार भी अब होली के रंग में रंग गया है। रंग-गुलाल और विभिन्न प्रकार की पिचकारियों से दुकानें सज गई हैं। लोग खरीदारी के लिए पहुंचने लगे हैं। जिससे बाजार में भीड़ बढ़ गई है।

तीन मार्च को होलिका दहन और चार को रंग और गुलाल खेला जाएगा। इसे लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। बाजार पूरी तरह से सज गया है। त्योहार को लेकर शहर से लेकर देहात क्षेत्र के बाजारों में होली का उल्लास देखने को मिल रहा है। जहां बाजार में लोग हर्बल रंग और टैंक वाली पिचकारी की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं घरों में भी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। दुकानों पर एक से बढ़कर एक नये-नये उत्पाद उपलब्ध हैं। दुकानों पर बच्चों के लिए सुंदर और आधुनिक पिचकारियों की भी भरमार है।

इस बार होली पर फायर सिलेंडर, पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल लोगों को अधिक आकर्षित कर रहा है। इस बाजार में बाहुबली पिचकारी, अमेरिकन पिचकारी, कैप्टन पिचकारी, कार्टून और प्रेशर वाली पिचकारी आई है। जिसे बच्चों से लेकर बड़े तक पसंद कर रहे हैं।

वहीं पानी में घुलने वाले रंगों के साथ रंग बिरंगे फॉग स्प्रे, विभिन्न प्रकार के गुलाल भी लोगों को उत्साहित कर रहे हैं। शहर के नेहरू चौक, टिकटगंज, छह सड़का, रेलवे क्रासिंग सहित हर तरफ दुकानें सजी हुई हैं। दुकानों पर पहुंच रही ग्राहकों की भीड़ देखकर दुकानदारों में खुशी का माहौल है।



नेहरू चौक स्थित बाजार में सजी रंगों की दुकान। ● अमृत विचार



खरीदारी को लेकर बाजार में भीड़। ● अमृत विचार

### डोरेमॉन का मुखौटा बना बच्चों की पसंद

बाजार में रंग और पिचकारी के साथ मुखौटों की भी दुकानें सज गई हैं। बाजार में सामान्य टोपी के अलावा बाल वाली टोपी, मुखौटों में शेर, चीता आदि मुखौटे उपलब्ध हैं। इनमें डोरेमोन का मुखौटा बच्चों की पहली पसंद बना हुआ है। व्यापारियों का कहना है कि ग्राहकों की मांग को देखते हुए अलग-अलग प्रकार के मुखौटे और रंग-गुलाल मंगवाए गए हैं।

### बाजार में हो रही कचरी पापड़ की खरीदारी

होली का त्योहार नजदीक देख लोग खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा खाने-पीने वाले सामानों की भी खरीदारी की जाने लगी है। बाजार में सजी दुकानों से नमकीन, पापड़, चिप्स, कचरी आदि की खरीद रहे हैं। साथ ही ड्राई फूड, सूजी, मैदा और रिफाइंड तेल आदि भी लोग खरीद रहे हैं। गुझिया मेकर की भी जमकर बिक्री हो रही हैं। इसके साथ ही कपड़ों की दुकानें भी गुलजार हैं। इन दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ दिख रही है।

# मनरेगा आयुक्त ने डीसी का रोका वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- श्रमिकों की केवाईसी कराने में बरती जा रही लापरवाही
- 31 जनवरी तक 75 प्रतिशत केवाईसी कराने के थे निर्देश

**अमृत विचार:** मनरेगा श्रमिकों की ई-केवाईसी को लेकर शासन गंभीर है। लेकिन जिले स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है। शासन से निर्धारित समय तक 75 प्रतिशत श्रमिकों की ई-केवाईसी न कराने पर मनरेगा आयुक्त ने मनरेगा उपायुक्त के जनवरी माह के वेतन पर रोक लगा दी है। वेतन रोके जाने और दिए जाने संबंधी जानकारी भी मांगी है। शासन स्तर से कार्रवाई किए जाने के बाद भी स्थिति में अब भी सुधार नहीं हो पाया है। अब तक मात्र 69 प्रतिशत ही ई-केवाईसी हो सकी है।

जिले में 2.44 लाख मनरेगा श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें से 1,54,374 सक्रिय श्रमिक हैं। मनरेगा योजना में केंद्र सरकार द्वारा संशोधन किए जाने के बाद काम के दौरान श्रमिकों की उपस्थिति फेस रीडिंग के माध्यम से लगाई जाएगी। इसके तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी कराई जा रही है।

शासन की ओर से 75 प्रतिशत श्रमिकों की ई-केवाईसी 31 जनवरी तक कराने के आदेश दिए गए थे। लेकिन इस कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। पिछले दिनों मनरेगा आयुक्त जीएस प्रियदर्शी के द्वारा श्रमिकों की ई-केवाईसी संबंधी समीक्षा की थी। समीक्षा के दौरान जिले की स्थिति बेहद खराब पाई गई। जिस पर आयुक्त ने मनरेगा उपायुक्त का वेतन रोके जाने के आदेश सीडीओ को जारी कर दिए। साथ ही पत्र के माध्यम से वेतन जारी होने और रोके जाने की भी जानकारी मांगी है। वहीं शासन स्तर से गंभीर रुख अपनाए जाने के बाद भी स्थिति में अब तक सुधार नहीं हो सका है। अब तक मात्र 69 प्रतिशत ही श्रमिकों की ई-केवाईसी हो सकी है।



> श्रमिकों की ई-केवाईसी कराने का काम तेजी से चल रहा है। अब तक करीब 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। कोशिश रहेगी कि शत प्रतिशत श्रमिकों की ई-केवाईसी करा ली जाए।
>
> **-अखिलेश चौबे,** प्रभारी मनरेगा उपायुक्त।

### ब्लॉकवार ये है स्थिति

| ब्लॉक | श्रमिकों की संख्या | ई-केवाईसी वाले श्रमिक |
|---|---|---|
| दातागंज | 8697 | 5262 |
| बिसौली | 6782 | 4138 |
| इस्लामनगर | 9516 | 5967 |
| कादरचौक | 10677 | 7004 |
| दहगवां | 11185 | 7390 |
| सालारपुर | 11651 | 8025 |
| सहसवान | 12048 | 8363 |
| जगत | 8418 | 5839 |
| आसफपुर | 9758 | 6872 |
| उझानी | 11568 | 8172 |
| समरेर | 9879 | 7053 |
| अंबियापुर | 7720 | 5550 |
| म्याऊं | 12034 | 8784 |
| उसावां | 13975 | 10372 |
| वजीरगंज | 10466 | 7903 |

# उल्लास जन-जन साक्षर नव भारत साक्षरता की दी जानकारी



शिक्षकों को नवभारत साक्षरता की जानकारी देते मास्टर ट्रेनर। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिला बेसिक शिक्षा के सभागार में उल्लास जन-जन साक्षर नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित पीसी श्रीवास्तव जिला समन्वयक प्रशिक्षण ने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम वित्त वर्ष 2022-23 से लागू है। शिक्षार्थियों के कौशल का आकलन करने और उन्हें साक्षर प्रमाणित करने के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा (एफएलएनएटी) 21.09.2025 को देश भर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरी परीक्षा, जिसमें तीन कौशलों का आकलन किया जाएगा। बताया कि 15 मार्च को परीक्षा यू-डाइस के अंतर्गत पंजीकृत विद्यालयों में ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी।

# 133 ने छोड़ी अर्थ शास्त्र की परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षा जारी है। मंगलवार को जिले के 70 केंद्रों पर इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 133 विद्यार्थी किन्हीं कारणों से अनुपस्थित रहे। सचल दलों के द्वारा परीक्षा का निरीक्षण किया गया।

यूपी बोर्ड परीक्षा में सुबह की पाली में परीक्षा नहीं हुई। शाम की पाली में इंटरमीडिएट अर्थशास्त्र की परीक्षा हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने बताया कि शाम की पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा 70 केंद्रों पर हुई। जिसमें 2711 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2578 उपस्थित रहे। 133 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सचल दलों के द्वारा निरीक्षण किया गया। किसी भी केंद्र पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी। मॉनिटरिंग सेल से निगरानी जारी है। कंट्रोल रुम से भी स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। परीक्षा नकल विहीन सकुशल संपन्न कराई जा रही है।


चतुर्थ पुण्यतिथि



स्व. गरिमा जौहरी
देहावसान-25.02.2022

आज ही के दिन आप हम सभी को रोता-बिलखता छोड़कर इस नश्वर संसार से चली गई थी। आज आपकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर हम सभी आपको स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत:-
राजेश कुमार जौहरी (LIC-Assistant Administrator Officer) (पिता), सन्तोष जौहरी (माता)
शेखर सक्सेना (पति), अभिषेक जौहरी-अंशु जौहरी (भाई-भाभी) एवं समस्त परिवार व मित्रगण
गली नं. 4, सर्वोदय नगर, सुभाष नगर, बरेली। मो. 9639974059

## न्यूज ब्रीफ

### कार पलटी घायलों के पास नहीं गई पुलिस

**म्याऊं, अमृत विचार :** शाहजहांपुर से थाना अलापुर क्षेत्र के गांव जगत जा रही तेज रफ्तार कार एमएफ राजमार्ग स्थित बनवारी ईंट भट्ठे के पास अनियंत्रित हो गई। उछलकर भट्ठे पर पर पड़े भूसे में जा घुसी। कार सवार जगत निवासी धर्मेंद्र, तनु और सुनीता घायल हो गए। भट्ठा मालिक और स्थानीय लोगों ने लोगों को कार से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि सूचना पर म्याऊं पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन घायल के पास नहीं गई। परिजन पहुंचे और घायलों को निजी अस्पताल ले गए। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ था।

### तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके भेज जेल

**बदायूं, अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव जवाहरपुर निवासी कालीचरन पुत्र रमेश चंद्र ने उसावां क्षेत्र के गांव गौतरापट्टी नरपत रमसी निवासी भूपेंद्र प्रताप सिंह पुत्र हेमेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह पुत्र राजप्रताप सिंह उर्फ राजू, विश्वप्रताप सिंह पुत्र ओमप्रताप सिंह पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को रिलाइन्स पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया है। के जेल भेज दिया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**ओरछी, अमृत विचार :** मंगलवार को गांव दासपुर से फैजगंज बेहटा जा रहे एक युवक को एमएफ राजमार्ग स्थित रामवती इंटर कॉलेज के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने हादसे में घायल गांव दासपुर निवासी वीरू पुत्र शंकर दयाल घायल हो गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### लूट और छिनैती करने का आरोपी गिरफ्तार

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली पुलिस ने लूट और छिनैती में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से लूटे गए 7650 रुपये, सोने की दुरिया और लाठी बरामद कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार बिसौली क्षेत्र के गांव शेखुपुरा निवासी ओमेंद्र उर्फ मन्ना लूट में वांछित था। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

# केंद्रीय टीम ने पीएम श्री स्कूलों का किया निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूछे सवाल, 24 बिंदुओं पर की चेकिंग

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** भारत सरकार के संयुक्त सचिव हरीश वशिष्ठ ने जिले में संचालित श्री विद्यालयों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा स्कूलों में 24 बिंदुओं पर जांच कर समीक्षा की गई। इस दौरान उनके द्वारा बच्चों से सवाल भी पूछे गए। पीएम श्री विद्यालयों का निरीक्षण भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम श्री योजना के तहत किया गया।

जिले में 30 परिषदीय विद्यालय पीएम श्री घोषित हैं। इन्हें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पीएम श्री घोषित किया गया है। इन स्कूलों को निजी स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इनमें 24 बिंदुओं पर कार्य हो रहे हैं। जिसमें डिजिटल पुस्तकालय, संगीत कक्ष, इंडोर खेल सुविधाओं और बाल वाटिका आदि विकसित किए जा रहे हैं। जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा बजट भी विभाग को मुहैया कराया जा रहा है। इन स्कूलों का निरीक्षण करने केंद्र सरकार में संयुक्त सचिव हरीश वशिष्ठ पहुंचे थे।

- **जिले में 30 अधिक पीएम श्री परिषदीय विद्यालय हैं घोषित**

> केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव के द्वारा पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण किया गया। तीन स्कूलों को उन्होंने भ्रमण कर वहां की स्थिति देखी थी। निरीक्षण रिपोर्ट उनके द्वारा भारत सरकार में प्रस्तुत की जाएगी।
>
> **वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए।

उनके द्वारा जिले के जगत के कंपोजिट विद्यालय कथरा खगेई, उझानी के कंपोजिट विद्यालय शेखूपुर और वजीरगंज के प्राथमिक विद्यालय बनिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल लैब एवं कक्षा कक्षों का की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं, डिजिटल संसाधनों और शिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों को दिए।

स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से विकास कार्यों और शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। शिक्षकों ने केंद्रीय अधिकारी को आधारभूत संरचना, डिजिटल शिक्षण संसाधनों, नवाचार गतिविधियों और विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान बीएसए वीरेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। उनके द्वारा पीएम श्री विद्यालयों की उपलब्धियां केंद्रीय अधिकारी को बताई। स्कूलों का निरीक्षण करने के बाद अधिकारी वापस लौट गए। जिसकी रिपोर्ट उनके द्वारा भारत सरकार को सौंपी जाएगी।

## कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**बिल्सी, अमृत विचार :** ग्राम वनअबेहटा स्थित शिवमंदिर में श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को यतेंद्र ठाकुर महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमें श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे।परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम से ही संभव है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए कहा पूतना राक्षसी ने कृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पूतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया, इस मौके पर रनवीर सिंह चौहान, यादराम शाक्य, विजय कश्यप, अर्जुन पंडित, संदीप सिंह, अजयपाल सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं के कल्याण को चला पीएम विश्वकर्मा जागरुकता कार्यक्रम



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद युवा। • अमृत विचार

**संवाददाता, विजय नगला**

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक संस्थान सलारपुर में पीएम विश्वकर्मा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेकों योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

प्राचार्य राजकीय औद्योगिक संस्थान सुरेश कुमार वाष्णेय द्वारा बताया गया कि उक्त कार्यक्रम युवाओं के कल्याण को चलाया गया है। जिसमें अनेकों युवाओं ने अपने जीवन के कार्य सत्र का आरंभ किया है। डॉ रिकेश रंजन अग्रणी बैंक प्रबंधक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से युवाओं में जागरूकता पैदा होती है। उद्योग विभाग की ओर से मोहम्मद फारूक खान द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ट्रेड के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हस्तलिपियों ने 18 व्यवसायों का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, उनको राज्य सरकार की औद्योगिक विकास नीतियों के बारे में बताया गया है। सब रस्तोगी द्वारा उद्यमिता विकास पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गई। आगरा की बैंक प्रबंधक द्वारा वित्तीय साक्षरता बैंकों से निकासी की जाने वाली डॉक्यूमेंट की जानकारी दी। कौशल विकास विभाग से मोहम्मद एहतेशाम द्वारा विश्वकर्मा लाभार्थियों को हस्तशिल्पियों को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को बिंदुवार जानकारी दी गई। इस मौके पर आदित्य सोनकर अनुदेशक मनोज कुमार अनुदेशक आज मौजूद रहे।

## दुकानों पर मारा छापा, 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**बदायूं, अमृत विचार :** होली के त्योहार के मद्देनजर आबकारी विभाग ने चेकिंग शुरू कर दी है। मंगलवार को जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में एसडीएम सहसवान साईं आश्रित शाखमुरी, सहसवान के आबकारी निरीक्षक परमहंस कुमार ने कर्मचारियों के साथ शराब की शहबाजपुर, सहसवान बाईपास, स्टेट बैंक स्थित देशी व कंपोजिट दुकानों का निरीक्षण किया।

बाईपास की दुकान पर साफ-सफाई को निर्देशित किया। निरीक्षण में कोई गंभीर अनियमितता नहीं पाई गई। इसके अलावा खिरकवाड़ी, रज्जू नगला, नगला भगत आदि संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान लगभग सौ किग्रा लहन मौके पर नष्ट कराया। 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित ढाबों पर भी सघन तलाशी ली। ढाबा मालिकों को ढाबा पर किसी भी दशा में शराब न पिलवाने को निर्देशित किया।

# गृह कार्य पुस्तिका का किया विमोचन

**संवाददाता, बिसौली**



प्रतियोगिता में विजेता बच्चों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता व शिक्षक।

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हर्रायपुर स्थित संविलियन विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता रहे। उनके द्वारा विद्यालय गृह कार्य पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय एवं ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत विषयक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल द्वारा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए नकद पुरस्कार दिया। वहीं रोटरी आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रवि प्रकाश अग्रवाल द्वारा पूर्व परीक्षण के उपरांत कमजोर दृष्टि वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों की सफलता उनके अथक प्रयासों का परिणाम है। इस मौके पर ग्राम प्रधान धर्मपाल, प्रधानाध्यापक कंवरसेन, वीरेंद्र कुमार, महावीर, विनोद यादव, उमेश चंद्र, चित्रा, हेमलता, हिमानी वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

- **गांव हर्रायपुर संविलियन विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन**

## रोटावेटर की चपेट में आकर किसान की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** खेत की जुताई के समय एक किसान रोटावेटर की चपेट में आ गया। किसान की मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव रौली निवासी नेकसू (48) पुत्र फतेह सिंह खेतीबाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। मंगलवार सुबह वह ट्रैक्टर में रोटावेटर लगाकर खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह रोटावेटर की चपेट में आ गए। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उनकी मौत घोषित कर दी।



सीएचसी पर मौजूद किसान के परिजन।

# लक्ष्मी नारायण यज्ञ के समापन पर हुआ भंडारा

**संवाददाता, बिल्सी**



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम सतेती स्थित होली चौक पर बनी यज्ञशाला में आयोजित पांच दिवसीय पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का मंगलवार को पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा पूर्वक समाप्त हो गया। समापन पर यहां एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। गांव निवासी एवं समाजसेवी शिव शर्मा ने बताया कि विगत 19 फरवरी से यहां यज्ञ का शुभारंभ हुआ था। पांच दिनों तक विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। यज्ञ के साथ ही भगवान श्रीराम की कथा का भी नियमित आयोजन होता रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति दी गई। इसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए साधु-संतों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर तथा गले में पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

श्रद्धालुओं ने संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। समाज के लोगों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करनी चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा भगवानदास मंदिर के प्रधान सेवक सहित ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

- **ग्राम सतेती में होली चौक पर यज्ञशाला में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

## अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़े

**उसावां, अमृत विचार :** उसावां थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने सुबह तड़के दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा जो अवैध रूप से बालू का खनन में लगीं थीं। उसावां क्षेत्र में बालू का खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। खनन विभाग और पुलिस अवैध खनन पर नजर बनाए हुए है। थाना अध्यक्ष वीरपाल सिंह तोमर ने बताया कि दो ट्रैक्टर-ट्रॉली फर्रुखाबाद के अमृतपुर से बालू लेकर आ रहे थे। टीम को देखते ही चालक मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में लिया है। चालकों की तलाश है और मामले की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है।

# श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया फागुन महोत्सव



फागुन महोत्सव मनाते लोग • अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या चार स्थित श्री संकट मोचन दरबार में मंगलवार को होली के अवसर पर फागुन महोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भक्तों ने भगवान के चरणों में अबीर-गुलाल अर्पित कर एक-दूसरे के साथ प्रेम और सद्भाव की होली खेली। भजन-कीर्तन और पारंपरिक फाग से वातावरण भक्तिमय रहा।

श्रद्धालुओं ने रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। महोत्सव के उपरांत सीता रसोई में भव्य भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संकट मोचन दरबार के महंत पंडित संजय शर्मा ने बताया कि फागुन महोत्सव का उद्देश्य प्रेम के सूत्र में बांधना है।

# विधायक ने 10 विद्यालयों को आदर्श बनाने का लिया संकल्प



संगोष्ठी में मौजूद विधायक हरीश शाक्य व अन्य। • अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार :** विकासखंड अंबियापुर के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विधायक हरीश शाक्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने विभिन्न शैक्षिक योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विकासखंड अंबियापुर में कम से कम 10 विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने का संकल्प व्यक्त किया।

- **अंबियापुर में संगोष्ठी में किया शिक्षा गुणवत्ता पर मंथन**

उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास किए जाएंगे। खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रकाश ने बताया कि विद्यालयों में कायाकल्प योजना के अंतर्गत कार्य तेजी से संचालित हो रहे हैं। वहीं, एसआरजी जसवीर सिंह ने विभागीय कार्यक्रमों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। संगोष्ठी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दीननगर, शेखपुर, अंबियापुर, सिद्धपुर चित्रसेन सहित कई ग्राम प्रधानों को सम्मानित भी किया गया। शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर अपने सुझाव रखे। इस मौके पर एसडीएम प्रेमपाल सिंह, सीडीपीओ राखी गुप्ता, एडीओ पंचायत दिनेश बाबू, एआरपी रमन सिंह, अमित गुप्ता, जयवीर सिंह, अगरपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### निवर्तमान विधायक ने सुनीं समस्याएं, निस्तारण के निर्देश



**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली के निवर्तमान विधायक कुशाग्र सागर ने पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने तत्काल समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वह प्रतिदिन कार्यालय पर जनता के लिए मौजूद रहेंगे। पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए गांव गांव जनता से सम्पर्क में जुटे हैं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए उनकी ओर से हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर मनोज शर्मा, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष बंटू पाठक, नीरज पाराशरी आदि मौजूद रहे।

### अनुज ने पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**उझानी, अमृत विचार :** देश की राजधानी दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में आयोजित एशिया डब्ल्यू आरपीएफ पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में उझानी के अनुज शर्मा ने गोल्ड मेडल जीता है। अनुज ने 21 और 22 फरवरी को हुई इस प्रतियोगिता में यह उपलब्धि हासिल की। अनुज ने पुरुष वर्ग में सबसे अधिक किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अनुज शर्मा ने अपनी तकनीक और आत्मविश्वास के दम पर जीत दर्ज की। अपनी जीत पर अनुज ने बताया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। अनुज शर्मा के पिता गोपाल शर्मा ने बताया कि उनके बेटे अनुज शर्मा कई वर्षों से एशिया चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर रहे है। कई मेडल प्राप्त जीत चुके हैं। वहीं अनुज की उपलब्धि पर घर में हर्ष का माहौल है।



### सैफुल्लागंज होली चौक से अतिक्रमण हटाया

**सहसवान, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सैफुल्लागंज स्थित होली चौक पर अवैध कब्जे को प्रशासन द्वारा मंगलवार को हटा दिया गया। यह कार्रवाई प्रशासन की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अभियान के दौरान जितेन्द्र कुमार (नायब तहसीलदार) की मौजूदगी में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार व भारी पुलिस बल तैनात रहा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत मौके पर रखी गई ईंटों को ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर नगर पालिका परिसर में जमा करा दिया गया। इस दौरान कानूनगो रियाजुद्दीन, नगर पालिका से निर्माण प्रभारी कमर जमशेद, लेखपाल आदित्य कुमार सहित पुलिस विभाग से सब इंस्पेक्टर रामायण सिंह व राजेश प्रताप सिंह तथा अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कम संसाधनों में जीना सिखाती है स्काउटिंग



**बदायूं, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय दहेमू में चल रहे तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन बच्चों के लिए अनुभव और सीख से भरपूर रहा। बच्चों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के तरीके, प्राथमिक उपचार देने की विधियां और घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से ले जाने की तकनीक सिखाईं। विभिन्न प्रकार की गांठ व बंधन बनाने का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने मीनारें बनाईं। प्रधानाध्यापक संतोष कुमार उपाध्याय ने कहा कि स्काउटिंग के प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, जिम्मेदारी और समाज सेवा की भावना का विकास होता है। बच्चे देश के श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। स्काउट संस्था के पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की ऐसी कला है, जो हमें कम साधनों में सुव्यवस्थित जीवन जीना सिखाती है। उन्होंने बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर शिक्षिका रेखा रानी, दुर्गा रानी, मोहम्मद जावेद सिद्दीकी, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एआरटीओ पद पर पदोन्नत हुए आरआई विकास यादव

**बदायूं, अमृत विचार** : उपसंभागीय परिवहन विभाग में तैनात आरआई विकास कुमार यादव को पदोन्नति मिली है। मंगलवार को सूची जारी कर दी गई। वह गोरखपुर के निवासी हैं।


विकास कुमार यादव।

तकरीबन ढाई साल से बदायूं में तैनात हैं। शासन से उन्हें शाहजहांपुर के आरआई का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

### एसपी ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**बबराला, अमृत विचार** : थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया गया कि 2 फरवरी की रात उपनिरीक्षक सतीश कुमार, आरक्षी मदन गोपाल व आरक्षी सागर हाईवे पर ड्यूटी कर रहे थे। एक वाहन चालक मार्ग भटक गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और प्रयास कर चालक को सुरक्षित मार्ग पर पहुंचाया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने कार्यक्रम में तीनों पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# कृषि फार्म में खून से लथपथ मिला चौकीदार का शव

## हत्या की आशंका, गांव अलीगंज का रहने वाला था चौकीदार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** कछला-शाहबाद हाईवे किनारे स्थित एक कृषि फार्म में मंगलवार सुबह चौकीदार का खून से लथपथ शव मिला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया और सीओ सुनील कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत के बाद परिजनों में चीत्कार मचा है।

नगर बिल्सी के मोहल्ला दो निवासी नरेश चंद्र माहेश्वरी पुत्र राम प्रकाश का मुजरिया सीमा पर कृषि फार्म है। जहां गाय, भैंसों का पालन कराते हैं। रोज की तरह वह मंगलवार सुबह लगभग सात बजे गाय का दूध लेने वहां गए। फार्म में बने गोदाम का दरवाजा बंद मिलने पर उन्हें कुछ संदेह हुआ। आवाज लगाने पर भीतर से कोई आवाज नहीं आई।

दरार से झांककर भीतर देखा तो चौकीदार मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव अलीगंज निवासी सुरेंद्र सिंह (63) पुत्र इंद्र सिंह का शव जमीन पर पड़ा देखा। सिर से खून निकल रहा था। ऐसा लग रहा था कि किसी ने सिर पर वार करके उनकी हत्या की है। उन्होंने पुलिस और ग्रामीणों को को सूचना दी। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों से जानकारी की। सूचना मिलने पर चौकीदार के परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक के भतीजे


मृतक सुरेंद्र सिंह।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर पर होगी कार्रवाई

रामनिवास पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि सुरेंद्र सिंह 20 साल से फार्म हाउस पर चौकीदारी कर रहे थे। उनके बेटे की 10 साल पहले मौत हो गई थी।

दो बेटियों की शादी कर चुके हैं। जिसकी वजह से वह चौकीदारी करके जीवन यापन कर रहे थे। पुलिस मौत के बारे में कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। यह हत्या भी हो सकती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्थिति साफ हो सकेगी। पुलिस जांच कर रही है। परिजनों ने भी हत्या की आशंका व्यक्त की है। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि फार्म हाउस पर चौकीदार का शव मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की ओर से तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 13 दिन पहले लापता किशोर का मिला शव

**सहसवान ,अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर 13 दिन पहले लापता हो गया था। मंगलवार को उसका शव सरसों के खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव रसूलपुर बेला निवासी दयाराम कश्यप पुत्र सेवाराम कश्यप ने 16 फरवरी को पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उनका 14 साल का बेटा गिरीश 12 फरवरी की दोपहर लगभग दो बजे गांव स्थित चक्की से खाना खाने के लिए घर आया था। इसी दौरान व लापता हो गया। गांव में और अपनी रिश्तेदारी में उसकी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चला। उन्होंने अपने बेटे को सकुशल बरामद करने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की थी। मंगलवार को ग्रामीणों ने सूचना दी कि किसी का शव गांव रसूलपुर बेला से तकरीबन दो किमी दूर सरसों के खेत में निर्वस्त्र पड़ा है। जो खून से लथपथ है। दयाराम कश्यप परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त गिरीश के रूप में की।

# छह सड़कों के लिए शासन से एक करोड़ रुपये स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता के प्रयास से शासन ने सड़कों के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इससे पहले भी सड़कों के निर्माण के लिए दो करोड़ रुपये दिलाए जा चुके हैं। विधायक ने कहा है कि शहरी क्षेत्र में एक भी ऐसी सड़क नहीं रहेगी जिस पर लोगों को ठोकर खानी पड़े।

विधायक ने कहा कि शहर की कई सड़कें जर्जर हैं। जिनके निर्माण के लिए लोगों ने नगर पालिका परिषद से मांग की थी। पालिका ने उनकी मांग को गंभीरता से नहीं लिया। जिसके चलते सदर विधायक ने निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। छह सड़कों के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। इस धनराशि से मोहल्ला महाराज नगर में डॉ. सीमा सरन अस्पताल की बराबर वाली गली, वार्ड 3 में श्याम बाबू के घर से राधा कृष्ण गुप्ता और राजीव गुप्ता के घर से इंटरलॉकिंग, नेकपुर में गली नंबर एक व दो में राकेश के प्लाट से मोर सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग, नेकपुर के वार्ड तीन, न्यू कृष्ण नगर में रजत के मकान से अनिल कुमार के मकान तक निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा जेल तिराहा से गौरी शंकर मंदिर, लालपुर चौराहे से पथिक चौक तक स्ट्रीट लाइट का काम होगा। विधायक ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। प्रस्ताव पर बजट जारी किया जा रहा है। अन्य जर्जर सड़कों के लिए प्रस्ताव दिया गया है।


महेश चंद्र गुप्ता, सदर विधायक।

- जेल तिराहे से गौरी शंकर मंदिर और लालपुर तिराहे से पथिक चौक तक लगेंगी स्ट्रीट लाइटें

### छात्राओं की बढ़ती भागीदारी पर रखे विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** उपाधि महाविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग द्वारा उच्च शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती भागीदारी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्चना वर्मा रही।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर सत्येंद्र नारायण, प्राचार्य डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. दुर्गेशधर द्विवेदी, डॉ कविता कनौजिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके कराई। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा राखी वर्मा ने कहा कि आज छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वाधिक दे रही है। ज्योति,प्रियांशी सक्सेना, अंकित, कशिश आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किया। समाजशास्त्र विभाग को वर्कशॉप के आयोजन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ऑनलाइन जुड़ी मुख्य अतिथि ने इस विषय को बहुत ही बृहद स्तर पर समझाया। संचालन डॉ. कविता कनौजिया ने किया। इस मौके पर डॉ. गोपाल दीक्षित, डॉ. राखी मिश्रा, डॉ. शेफाली सक्सेना, डॉ. जितेंद्र मिश्रा, डॉ. गजेंद्र कुमार, अमित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक उत्तरदायित्वों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** डायट स्थिति आदर्श सम्मिलित विद्यालय स्टेट बैंक आफ इंडिया के कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक पदाधिकारियों ने बच्चों को कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी।

भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही कहा कि भारत में भारतीय स्टेट बैंक का योगदान सराहनीय रहा है। बैंक अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बना रहा है। कहा कि आने वाले समय में भारत के नवीन जागरूक सिपाहियों को तैयार करने हेतु प्रत्येक नागरिक के लिए एक श्रेष्ठ एवं उचित शिक्षण व्यवस्था लागू की जाए इसके लिए विद्यालय प्रांगण को तकनीकी रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने डेल कंपनी का एक लैपटॉप एक एचपी कंपनी का एक डेस्कटॉप, एक एचपी कंपनी का एक प्रिंटर स्कैनर, एलजी कंपनी का एक साउंड सिस्टम के साथ सौ बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर 100 उपलब्ध कराया। इस मौके पर प्रबंधक दीपक मलिक, मुख्य प्रबंधक रीजनल ऑफिस प्रभात कुमार डीप सिंह, मुख्य प्रबंधक आलोक वर्मा, मुख्य प्रबंधक पुष्पेंद्र सिंह प्रबंधक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


स्टेट बैंक मैनेजर को सम्मानित करते शिक्षक। • अमृत विचार

# शहर के बाजारों में बेतरतीब दौड़ रहे ऑटो और ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** हर त्यौहार पर पुलिस प्रशासन ऑटो और ई रिक्शा को बाजारों से बाहर ही रोकता है। जिससे बाजारों में अधिक भीड़ न हो। लेकिन इस बार होली के त्यौहार पर अभी तक ऑटो और ई रिक्शा को बाहर नहीं रोका गया है जिससे यह वाहन सीधे बाजार में घुस रहे हैं और दुकानदार और खरीदारों को परेशानी पैदा कर रहे हैं।

चंद दिनों बाद होली त्यौहार आने बाला है। लोग अपनी जरूरतों का सामान खरीदने को बाजार आ रहे हैं। सुबह से शाम तक खरीदारी कर रहे हैं। लेकिन बाजारों में ऑटो और ई रिक्शा धड़ल्ले से घुस रहे हैं जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। शहर के बाजारों में चारो ओर से ऑटो और ई रिक्शा घुस रहे हैं। दुकानदार और खरीदारों को दिक्कत हो रही है साथ ही पटरी पर बैठकर दुकान चलाने वाले छोटे दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। शहर के चौराहों से होते हुए मुख्य बाजारों में धड़ल्ले से यह वाहन घुस रहे हैं। रोडवेज की ओर से दर्जनों ऑटो ई रिक्शा बड़े बाजार में हर मिनट में आते जाते हैं। तेज स्पीड में दौड़ने वाले ऑटो से पैदल चलने वाले लोगों को खतरा बना रहता है। सुभाष चौक पर पुलिस तैनात रहती है फिर भी पुराने बाजारे में ऑटो और ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। टिकट गंज की ओर से आने वाले ऑटो ई रिक्शा बड़े बाजार में पहुंच रहे हैं जिससे दिक्कत हो रही है।

शहवाजपुर बाईपास की ओर से ऑटो ई रिक्शा बाजार में घुसते हैं। दातागंज चौराहे से आने वाले उक्त वाहन बिना रोक टोक अंदर तक जाते हैं। लालपुल की ओर से आने वाले ऑटो और ई रिक्शा सीधे बाजार में आ रहे हैं जिससे बाजार की संकरी सड़कों पर लोगों का निकल पाना दूभर हो रहा है। नगर पालिका से गुजर कर अंदर बाजार में ऑटो पहुंच रहे हैं। चौक पर खड़े होकर सवारियां और सामान भर कर वापस लौटते हैं जिससे अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।


परशुराम चौक से बाजार में जाते ऑटो ई-रिक्शा। • अमृत विचार

- त्यौहारी सीजन में हर बार बाहर रोके जाते हैं ऑटो
- अब तक नहीं है रोक, बाजार के अंदर पहुंच रहे ई-रिक्शा


बड़े बाजार को जाते ऑटो ई-रिक्शा। • अमृत विचार

### चौराहों पर पुलिस होने के बाद भी दौड़ रहे ऑटो

रोडवेज से आगे परशुराम चौक पर करीब आधा दर्जन पुलिसकर्मी और होमगार्ड तैनात रहते हैं। पुलिस लाइन पर करीब दर्जनभर पुलिसकर्मी हर समय तैनात रहते हैं लेकिन यह पुलिसकर्मी ऑटो और ई रिक्शा को नहीं रोकते हैं। ऑटो चालक पुलिस से बच कर बीच के रास्ते से बाजार पहुंच रहे हैं। बाजार के सभी चौराहों पर होमगार्ड और पुलिसकर्मी तैनात होने के बाद भी ऑटो और ई रिक्शा धड़ल्ले से चल रहे हैं।

**पुलिस ने सुरक्षा का बनाया प्लान :** पुलिस लाइन चौराहे पर एक ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने बताया कि बुधवार से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी। बाजारों में ऑटो और ई रिक्शा नहीं घुसने दिए जाएंगे। इस पर सख्ती से काम किया जाएगा। बड़े अधिकारियों ने संज्ञान लिया है। होली तक बाजारों को जाने वाली सड़कों पर रोक बैरियर लगा दिए जाएंगे। किसी को परेशानी नहीं होगी। अब बाजारों में भीड़ जुटने लगी है।

### राजकीय महिला महाविद्यालय और हंसराज महाविद्यालय के मध्य हुआ एमओयू

**बदायूं, अमृत विचार** : मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग के अंतर्गत नई शिक्षा नीति अभिविन्यास पर आधारित 8 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित करने के लिए राजकीय महिला महाविद्यालय बदायूं और हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली के मध्य एमओयू. साइन किया गया है। महाविद्यालय पक्ष से कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वंदना, संयोजक डॉ. ऋषभ भारद्वाज, समन्वयक डॉ. अर्चना पाण्डेय होंगे, तथा सदस्य के रूप में डॉ. बृजेश कुमार डॉ. भावना सिंह एवं डॉ. सरिता गौतम रहेंगे। वही हंसराज महाविद्यालय की ओर से कार्यक्रम के संरक्षक पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, चेयरपर्सन प्राचार्य प्रो. डॉ. रमा, निदेशक मालवीय मिशन केंद्र डॉ. आशुतोष यादव, उपनिदेशक डॉ. दीपशिखा एवं डॉ. अनुराग कक्कड़ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. तेजवीर सिंह तथा सदस्य के रूप में डॉ. ऋतु पाण्डेय एवं डॉ. ऋचा वर्मा रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक ने बताया इस फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में प्रतिभाग करने के लिए देश भर के शैक्षणिक संस्थानों से कॉल की गई है। कार्यक्रम 7 से 16 मार्च तक ऑनलाइन संपन्न होगा।


**आवश्यकता है**

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497


# सपा नेता ने किया मिनी फ्लोर मिल का उद्घाटन


फीता काटकर मिल का उद्घाटन करते शाहिद। • अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** मोहल्ला मोहद्दीनपुर में मिनी फ्लोर मिल का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि मुफ्ती मोहम्मद मुबीन रज़ा और विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव शाहिद खान ने फीता काटकर मिल का उद्घाटन किया। मिल स्वामी फारुख खान एवं मुजीब ने अतिथियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के तुरंत बाद इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सपा प्रदेश सचिव शाहिद खान ने इस मिल को क्षेत्र की बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी।

# हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला लगा

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार:** कस्बा स्थित संघटक राजकीय महाविद्यालय में होली और हस्तकला मेला लगा। जिसमें छात्राओं ने हस्तकला का प्रदर्शन किया। विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ गुरुदीप सिंह उप्पल ने कहा कि हस्तशिल्प कला द्वारा बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। उनका हुनर यदि उन्हें पहचान दिलाने वाला बन जाये तो वह लगातार आगे बढ़ते जाते हैं। प्रवक्ता डॉ शुभ्रा माहेश्वरी के निर्देशन में छात्राओं ने अपने हस्तकला कौशल को पहचान देते हुए सुंदर सुंदर होली की थाली, वेस्ट मटेरियल से बनी वस्तुएं, टाइ एंड डाइ डिजाइन से वस्त्र , गुड़िया, मिट्टी की मूर्तियां का प्रदर्शन किया। छात्राओं के द्वारा खान पान संबंधी वस्तुओं के स्टॉल लगाए। जिसमें प्रथम स्थान रहनुमा को प्रथम, रिद्धि व विभा को दूसरा, मुस्कान को तीसरा स्थान मिला। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ रजनी गुप्ता, डॉ नीति सक्सेना, डॉ सुरजीत सिंह मौर्य, डॉ राजेश सिंह, डॉ पारुल अग्रवाल, डॉ सौरभ नागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


हस्तशिल्प कला प्रदर्शन में भाग लेतीं छात्राएं। • अमृत विचार

### आईटीआई में हुआ पीएम विश्वकर्मा जागरुकता कार्यक्रम

**बदायूं, अमृत विचार:** मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सालारपुर में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान के प्राचार्य सुरेश कुमार वार्ष्णेय ने दींप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित अग्रणी बैंक प्रबंधक डॉ. रिकेश रंजन ने योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि हस्तशिल्पियों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

गर्माया मुद्दा | कुछ दिन पहले मारपीट करने का वीडियो हुआ था वायरल

# पीड़ितों की लड़ाई लड़ेंगे आबिद रजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा रुदायन में तीन मुसलमानों के साथ मारपीट के बाद वायरल हुई वीडियो मामले में सियासत गर्मा रही है। संगठन आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा पीड़ितों के पक्ष में खडे.हुए हैं। सोमवार रात पीड़ितों ने पूर्व मंत्री से मुलाकात करके समस्या बताई। पूर्व मंत्री ने अपने खर्च पर कानूनी लड़ाई लड़ने का ऐलान किया है। कहा कि वह न्याय मिलने तक लड़ते रहेंगे। इसके लिए उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा की।

रुदायन कांड के पीड़ित पूर्व मंत्री के आवास पर पहुंचे। कहा कि उन्हें पूर्व मंत्री पर पूरा भरोसा है कि वह उनकी मदद करेंगे। पीड़ितों ने घटना के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि रुदायन कस्बा में उन्हें सड़क पर दौड़ाकर पीटा गया। उनकी टोपी उतरवाई गई। आधार कार्ड और पहचान पत्र देखे गए। वीडियो वायरल करके अपमानित किया गया। उन्होंने पूर्व मंत्री से मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद पूर्व मंत्री ने अधिवक्ताओं के पैनल के साथ बैठकर कानूनी रणनीति तैयार की। कहा कि अगर प्रशासन और पुलिस सत्तारूढ़ दल के दबाव में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करता है तो वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी पीड़ित को डरने की जरूरत नहीं है। वह हमेशा पीड़ित, मजलूम और शोषितों के साथ खड़े हैं। आज पीड़ित मुस्लिम हैं, कल अगर कोई हिन्दू इसी तरह अन्याय का शिकार होगा तो उसके साथ भी मजबूती से खड़े रहेंगे।

इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े किए हैं। कहा कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सामान्य धाराओं में कार्रवाई करके औपचारिकता निभाई है। पूछा कि अगर कोई मुसलमान इस तरह का अमानवीय व्यवहार करता तो क्या पुलिस इतनी ही नरमी दिखाती। पहले हाफ एनकाउंटर होता और फिर जेल भेजा जाता। बुलडोजर तक चल चुका होता। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले लोग ऐसी घटनाओं पर खामोश क्यों हैं। भाजपा पर आरोप लगाया कि वह प्रदेश में हिंदू मुस्लिमों की नफरत की राजनीति को हवा दे रही है। जनता से आह्वान किया कि वह ऐसी राजनीति से सावधान रहें। लोकतंत्र में हर नागरिक को समान अधिकार और सुरक्षा मिलनी चाहिए। अगर किसी समुदाय के साथ भेदभाव होता है तो यह पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। इस दौरान विपिन यादव, अनिल गोस्वामी, राहुल कुर्मी मौजूद रहे।


पीड़ितों के साथ मौजूद सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा।

- पीड़ितों ने सोमवार रात पूर्व मंत्री आबिद रजा से की शिकायत


**कार्यालय नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)**

पत्रांक : 103/न.पा.प.फ./2025-26 दिनांक : 24.02.2026

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. शासन नगर विकास अनुभाग-9 द्वारा अधिसूचना संख्या-912/नौ-9-2024-85ज/05 टी.सी.-01 लखनऊ दिनांक 28 जून 2024 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली-2024 के अनुपालन में कार्यालय पत्र सं.-441/न.पा.परि.फ./2024-25 दिनांक 16.01.2025 के द्वारा दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण व अमृत विचार में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर आपत्ति चाही गयी थी, तदोपरान्त बोर्ड बैठक दिनांक 20.09.2025 में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में जनहित में निम्न प्रकार से दरें संशोधित की जाती है। वार्डवार मासिक प्रतिवर्ग फुट दरों की सूची निम्नवत् है :-

| वार्ड सं. | वार्ड का नाम | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 12 मी से 24 मी. तक अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 09 मी से 12 मी. तक अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | | 09 मी से कम चौड़े मार्ग पर स्थित सम्पत्ति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| | | आर.सी.सी./आर.बी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खाली भूमि/भूखण्ड | आर.सी.सी./आर.बी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खाली भूमि/भूखण्ड | आर.सी.सी./आर.बी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खाली भूमि/भूखण्ड | आर.सी.सी./आर.बी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | खाली भूमि/भूखण्ड |
| 1. | वार्ड संख्या 01 से 25 तक | रू.0.70 | रू.0.60 | रू.0.50 | रू.0.40 | रू.0.60 | रू.0.50 | रू.0.40 | रू.0.30 | रू.0.50 | रू.0.40 | रू.0.30 | रू.0.20 | रू.0.40 | रू.0.30 | रू.0.20 | रू.0.10 |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**

पासपोर्ट S4806473 में मेरा नाम सैययद इनायत अली गलत अंकित हो गया है अब मैंने अपना नाम बदलकर सैययद इनायत अली से बदलकर मोहम्मद इनायत अली रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद इनायत अली नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इनायत अली पुत्र अफसर अली, मो. ऊपर पारा रजा कालोनी शहर व जिला बदायूं उ.प्र. 243601**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु अंजना सक्सेना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नरायन दास पुत्र केसरी प्रसाद निवासी 130 सिविल लाइन्स, चौपला, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



हम वही हैं जो हम अभी सोचते हैं, जो हम अभी करते हैं।
–सम्राट अशोक

# नव निवेश से आशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे में लगभग 6,650 करोड़ रुपये का निवेश और बीस हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार का आश्वासन मिला है, इन आंकड़ों में अभी और बढोतरी संभव है। सिंगापुर के नेतृत्व, निवेशकों और टेमसेक होल्डिंग जैसे संस्थानों से संवाद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक पूंजी के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और यह उद्देश्य पूरा होता दिखता है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयास बहुत तेज हुए हैं।

2018 और 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। प्रवासी भारतीय सम्मेलनों और रोड शो के जरिए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी अवसंरचना में निवेश आकर्षित हुआ है। नोएडा–ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर हब, झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, चित्रकूट को मिलाकर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और पूर्वांचल–बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं। आधिकारिक दावों के अनुसार, 2023 समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव आए, पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन कई हजार करोड़ का वास्तविक निवेश खासकर एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग में अवश्य आया है, परंतु सचाई है कि निवेश प्रस्ताव और वास्तविक पूंजी प्रवाह में अंतर रहता है। अनुभव यह बताता है कि सभी प्रस्ताव जमीन पर नहीं उतरते। आम तौर पर 30 से 50 प्रतिशत परियोजनाएं ही निर्धारित समय में साकार होती हैं। पिछले दस वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट विस्तार, डेटा सेंटर निवेश और डिफेंस कॉरिडोर और इससे औद्योगिक आधार बाहरी निवेश के चलते ही मजबूत हुआ है। अपराध-नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में सुधार के दावों ने सूबे में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। आगे यदि सिंगापुर जैसे निवेशक दीर्घकालिक पूंजी लगाते हैं, तो मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू-एडिशन, निर्यात और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सिंगापुर की ताकत शहरी नियोजन, वित्तीय सेवाओं, पत्तन-अवसंरचना, स्मार्ट सिटी और ग्रीन एनर्जी में है। यदि आवास, मेट्रो, इंडस्ट्रियल पार्क, फिनटेक और सौर-ऊर्जा परियोजनाओं में बेहतर निवेश आया, तो प्रदेश की उत्पादकता और शहरी जीवन-गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। उदाहरण के लिए वेयरहाउसिंग और कोल्ड-चेन में पूंजी आने से कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को बेहतर मूल्य मिल सकता है, तो फिनटेक और एसएमई फंडिंग से सूक्ष्म उद्यमों को गति मिल सकती है। बाहरी निवेश निस्संदेह उद्योगों में वृद्धि करेगा बशर्ते स्थानीय एमएसएमई को आपूर्ति शृंखला में विधिवत जोड़ा जाए। बाहरी पूंजी केवल बड़े शहरों तक सीमित रही तो क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है, इसलिए नीति का फोकस क्लस्टर-आधारित विकास, स्किल अपग्रेडेशन और स्थानीय उद्यमिता पर होना चाहिए। अवसंरचना, आवास, वित्तीय सेवाओं और ग्रीन एनर्जी के अलावा हेल्थटेक, एजुकेशन टेक, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य-प्रसंस्करण और रक्षा विनिर्माण जैसे कुछ क्षेत्र भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। सिंगापुर की विशेषज्ञता से शहरी प्रशासन और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' में सुधार आएगा।

## प्रसंगवश

# हिंदी को तकनीक की भाषा बनाने की जरूरत

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहां संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं।



अंबिका अंबी
लेखिका

भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आंका जाता है।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है।

देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# कट्टरपंथ के खिलाफ नए गठजोड़ से उम्मीदें





दिग्विजय सिंह
कानपुर

> भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ इजराइल अब कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष इसका खाका नेतन्याहू रख सकते हैं।

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब इजराइल कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। यह इरादा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जाहिर किया है। उन्होंने इसे हैक्सागन गठबंधन नाम दिया है, हालांकि भारत ने अभी इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति का इजहार नहीं किया है, लेकिन इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इसका खाका बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखे जाने की उम्मीद है। यह गठबंधन मुस्लिम राष्ट्रों का खलीफा बनने की सोच रहे, तुर्किए और पाकिस्तान के लिए भी बड़ा झटका होगा। जिस तरह बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इस गठबंधन का एलान किया गया है, उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसमें जिन देशों को शामिल किया जाना है, उनकी सहमति लेने के बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री ने इसका एलान किया है। यह गठबंधन इस्लामिक कट्टरपंथ के बढ़ते खतरों से निपटेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, तो पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों में सबसे पहला नाम तुर्किए का था। जब भी तुर्किए में प्राकृतिक आपदा आई भारत ही उसकी मदद को सबसे पहले आगे आया। बावजूद इसके इस्लामिक कट्टरता के कारण ही तुर्किए सारा एहसान भूल गया और पाकिस्तान को उसने ड्रोन की बड़ी खेप भेज दी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्किए के विरोधी राष्ट्र साइप्रस और ग्रीस का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सामरिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन भी इन राष्ट्रों के प्रमुखों को दिया।

तुर्किए वैसे तो आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दावे करता है, लेकिन जब आतंकी हमले इजराइल और भारत पर होते हैं, तो उसके सुर बदल जाते हैं। फिर वह आतंक के आका राष्ट्रों के साथ खड़ा नजर आता है। ऐसे में इस गठजोड़ से सबसे बड़ा नुकसान तुर्किए को होगा। हेक्सागन में ग्रीस और साइप्रस का शामिल होना ही तुर्किए के लिए बड़ा झटका है। यह गठजोड़ भूमध्य सागर में तुर्किए की दादागिरी पर लगाम लगाने में अहम भूमिका अदा करेगा। तुर्किए कई वर्षों से इस क्षेत्र के समुद्री इलाके में तेल और गैस के भंडार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। उसकी दादागिरी से ग्रीस और साइप्रस परेशान हैं। ऐसे में इस गठजोड़ में शामिल होकर दोनों ही राष्ट्र उसकी दादागिरी पर लगाम लगाने में कामयाब हो सकते हैं।

लेबनान, ईरान, यमन के आतंकी संगठन हूती से परेशान इजराइल के लिए अब सबसे बड़ा खतरा तुर्किए बनता जा रहा है। सीरिया में तुर्किए और कतर के बढ़े दखल ने इजराइल को परेशान कर दिया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने इस गंभीर खतरे की ओर इशारा किया है। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान भी किया है। भारत के साथ ही इजराइल आतंकवाद से पीड़ित है। यमन के आतंकी संगठन हूती, लेबानन के हिजबुल्ला और फिलिस्तीन के हमास से इजराइल लड़ रहा है। अब तुर्किए और कतर के बढ़ते खतरे से उसके हुक्मरानों के माथे पर बल ला दिया है। ऐसे में इजराइल ने नए गठबंधन की नींव रखने का मन बना लिया है।

रूस के बाद इजराइल ही भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर दोनों देशों के बीच कई बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं इजराइल से जिन हथियारों की खरीद होनी है, उनका उत्पादन भी भारत में ही हो सकता है। साथ ही इजराइल, भारत को इन हथियारों की तकनीक भी देने को तैयार है, जो मजबूत रक्षा, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर ही पीएम मोदी के समक्ष इस नए गठबंधन का प्रारूप प्रस्तुत होना है। प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं कि पूरी दूनिया आतंकवाद को एक ही चश्मे से देखे, ताकि आतंकवाद और उसके समर्थक राष्ट्रों को सबक सिखाया जा सके।

इजरायली प्रधानमंत्री की सोच भी पीएम मोदी की सोच से मेल खाती है। उन्होंने कहा है कि इस गठबंधन का मकसद कट्टरपंथ को खत्म करना है। इजराइल, भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी काम करने को तैयार है। इसके साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी इजराइल का साथ मिलने की उम्मीद है। भारत इस गलियारे के जरिए खाड़ी देशों के रास्ते यूरोप से जुड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इससे माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और उसे पहुंचाने में समय भी कम लगेगा।

भारत लंबे अर्से से इस कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव के कारण इसे धरातल पर उतारने में दिक्कत आ रही है। इसमें ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे, तो भारत से यूरोप तक जाने वाला नया व्यापारिक कारिडोर मिलेगा, जो तुर्किए को बाईपास कर देगा। इससे तुर्किए को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चोट होगी। चीन के वन बेल्ट वन रोड को भी यह कॉरिडोर फेल कर देगा।

तमाम विशेषज्ञ इसे नया नाटो मान रहे हैं। ऐसा नाटो जिसके सदस्य देश बिना अमेरिका के ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। खुद नेतन्याहू कह चुके हैं कि इस गठबंधन से न सिर्फ युद्ध रुकेंगे, बल्कि आने वाला भविष्य सुरक्षित होगा और लोग शांति से रह सकेंगे। भारत भी तो यही चाहता है कि किसी भी समस्या का समाधान दो राष्ट्र आपस में बातचीत के जरिए करें न कि युध के माध्यम से। वैसे तो भारत रक्षा के क्षेत्र में सशक्त है, लेकिन इस गठजोड़ में शामिल होगा तो उसकी सामरिक शक्ति और बढ़ेगी।

## आमने



मेरा पुराना ऑफर आज भी कायम है। 100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।
–अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

## सामने

इस तरह के बयान से स्पष्ट है कि सपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी टिप्पणियां उनकी हताशा को दर्शाती हैं। यदि उन्हें अपने समर्थन पर भरोसा होता तो वे स्वयं सरकार बनाने की बात करते।
–पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



# भारत में साइंस एक पब्लिक रेसिपी नहीं है



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

> विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं।

साइंटिफिक नॉलेज में जबरदस्त इजाफे के बावजूद, साइंटिफिक नॉलेज में पॉपुलर कम्युनिकेशन में काफी बढ़त के बावजूद भारत में साइंस के पब्लिक डिस्कोर्स को लेकर कोई उत्साह नहीं है। असल में साइंस और आमजन के बीच कोई ख़ास रिश्ता नहीं है, बल्कि यह रिश्ता सिर्फ कंज्यूमर टेक्नोलॉजी के उपयोग तक सिमट गया है, जैसे कि कुछ इंजीनियरिंग डिवाइसेस और गैजेट्स के इस्तेमाल तक यह सीमित है और लोग इनके विकास के इतिहास को जानने में मामूली सी भी रुचि नहीं रखते।

असल में विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं। वे हरेक वस्तु की उत्पत्ति की गहराई में जाने के इच्छुक हैं ही नहीं, सिवाए उन चंद व्यक्तियों के जो रिसर्च करते हैं। रिसर्चर्स में से भी कुछ ही लोग ऐसे हैं, जो अपने विषय के संपूर्ण विकास और इतिहास से वाकफियत रखते हैं और नयी खोज अर्थात डिस्कवरी कर पाते हैं। दुनिया में डिस्कवरी करने वालों की जीवनियों के पढ़ने से ही मालूम होता है कि एक डिस्कवरर का एव्ल्युशन कैसे होता है। बाकी को साइंस को सिर्फ रिपीट करने वाले होते हैं।

रोजमर्रा के जीवन से ताल्लुक रखने वाली सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक व्यक्तिगत अनुभव होती है और उस पर सार्वजनिक टिप्पणी किसी काम की नहीं होती, क्योंकि हरेक व्यक्ति के अनुभव विशिष्ट और व्यक्तिगत ही होते हैं। जिस व्यक्ति को ब्रह्माण्ड से सम्बंधित खोजों और इनकी वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के इतिहास की मामूली सी भी जानकारी नहीं, अर्थात एक आमजन जो मामूली पढ़ा लिखा है और हिंदी के अखबार में इन्हें पढ़े तो उसे क्या समझ में आएगा। ज्यादातर ऐसे लोगों की ही सोशल मीडिया पर भरमार है।

भारत में वर्नाक्युलर में साइंस की प्रस्तुति के ऐसे सर्वे कभी नहीं हुए, जो अनेक व्यक्ति-क्लस्टर्स से बातचीत पर आधारित हों। बस, एक मैकेनिकल एक्सरसाइज की तरह से हम साइंस को आसान बनाकर परोसते रहे हैं। मान लीजिए आमजन में से खुद को साइंस समझने के लिए इवोल्व नहीं करने वालों का हम एक ग्रुप बनाएं और दूसरा ग्रुप वह बनाएं जिसने खुद को एक हद तक इवोल्व किया है, तब दोनों के फीडबैक में अंतर हो सकता है। हिंदी में साइंस न्यूज़ और फीचर्स के प्रति भारत में पाठक संख्या नहीं बढ़ रही है, ऐसा मेरा अनुमान है। बस एक रिचुएल के तौर से हम लिखते हैं और इसी तर्ज़ पर कि कोई तो पढ़ता होगा।

भारत ही क्यों साइंस के गढ़ अमेरिका में भी कमोबेश यही स्थिति है। उधर के मीडिया रिसर्चर्स ने अब आमजन में विज्ञान के प्रति लगाव और पढ़ने की उनकी रुचि के बारे में सर्वे करने बंद कर दिए हैं। सिर्फ मार्केटिंग सर्वे होते हैं, जोकि एक प्रोडक्ट की बिक्री के ट्रेंड को देखने के लिए होते हैं। साइंस न्यूज़ और फीचर भी के प्रोडक्ट हैं, लेकिन इन्हें ऐसा प्रोडक्ट नहीं माना जाता, जिसका लोग रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल कर लें। जानकारी ही प्रोडक्ट है, ऐसा 98 प्रतिशत लोग नहीं मानते और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने में रुचि लेना समय का सदुपयोग भी नहीं मानते। इनका कहना कि ऐसा करके भी 'क्या मिलेगा'? यह बड़ी विचलित करने वाली सोच है।

दुनिया में साइंस कम्युनिकेशन और विज्ञान के दर्शन अर्थात पब्लिक फेस ऑफ़ साइंस पर अनेक मनीषियों ने किताबें और लेख लिखे हैं, लेकिन लगता है वे सिर्फ 'अपना काम' कर रहे हैं और इस काम से आमजन का भी कोई वास्ता नहीं। भारत के अनेक साइंटिस्ट्स ने आमजन और पब्लिक-इंटरफेस पर बहुत कुछ लिखा है और इंडियन साइंस कांग्रेस में कभी-कभी इस पर चर्चा भी हुई है। इंडियन साइंस कांग्रेस की प्रोसीडिंग्स में से अगर सिर्फ प्रेसिडेंशियल भाषणों को ही पढ़ा जाए, तब भी बहुत कुछ इस बारे में समझा जा सकता है। रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ब्रिटेन एवं ब्रिटिश एसोसिएशन की वेबसाइट ऐसे लेखों से भरी हुई है, जिन्हें पढ़ कर साइंस के प्रति पब्लिक एटीट्यूड टुवर्ड साइंस को जाना जा सकता है।

साइंस के नॉलेज सिस्टम से वाकफियत करने के लिए हेनरी एवेलिन ब्लिस की सन् 1929 में प्रकाशित पुस्तक 'द आर्गेनाइजेशन ऑफ़ नॉलेज एंड द सिस्टम ऑफ़ द साइंसेज' से शुरुआत करनी चाहिए। तत्पश्चात जेबीएस हाल्डेन को पढ़ना चाहिए। बीच-बीच में भारतीय दर्शन ग्रंथों और इन पर लिखी गई टीकाओं को पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। चूंकि ये सब मूल रूप से संस्कृत भाषा में हैं, इसलिए इनके या तो हिंदी वर्जन, व्याख्या समेत पढ़नी चाहिए या अंग्रेजी भाषा में इनके बारे में लिखी गई वे किताबें पढ़नी चाहिए, जिन्हें अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने भारत के हिंदू और मुसलमान पंडितों के योगदान से समझ कर अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# गुलजार करोल बाग में

करोल बाग 1950 के दशक का। एक दुबला-पतला और चश्मा पहनने वाला सिख नौजवान शाम के समय अजमल खान रोड के साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के नामवर लेखकों के साथ आकर बैठता। उनकी सुनता और कभी-कभार किसी मसले पर सार्थक हस्तक्षेप भी करता। उसे साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के लेखक हरनाम सिंह से मिलना होता था। हरनाम सिंह का करोल बाग में पेरिस साड़ीज नाम से एक शो रूम था। वह युवक कभी-कभी हरनाम सिंह के घर भी पहुंच जाता। वह 1950 का दशक समाप्त होने से पहले ही मुंबई चला गया। उसका नाम था संपूर्ण सिंह कालरा। मुंबई जाकर वह सिर्फ गुलजार हो गया। वहां गुलजार ने शायर, गीतकार और फिल्मकार के रूप में श्रेष्ठ और भरपूर काम किया।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गुलजार करोल बाग में एक कार गैरेज में नौकरी करते थे। वहां दिन-भर काम करना पड़ता। उन्हें लिखना-पढ़ना पसंद था। पर पेट की आग को बुझाने के लिए कुछ काम करते रहना भी जरूरी थी। परिवार की माली हालत इस तरह की थी कि कुछ कमाए बिना जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती थी। पंजाबी के वरिष्ठ कवि और खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह अब राजधानी में उन गिने-चुने लोगों में हैं, जिन्हें याद है जब गुलजार करोल बाग के नाईवाला में रहते थे। एक्टर और अभिनेता सतीश कौशिक भी नाईवाला से थे।

खैर, उस दौर में करोल बाग, हरध्यान सिंह करोड और आर्य समाज रोड में बंटवारे के बाद आए शरणार्थियों के सैकड़ों परिवार रहा करते थे। उनमें से कुछ कवि, चित्रकार, चिंतक भी थे। वे सब साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के सिद्ध कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह की टेबल के आसपास बैठकर तमाम विषयों पर चर्चा करते थे। सब विषय उनके थे। वहां महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह वगैरह भी होते।

साउथ इंडियन रेस्तरां के मालिक सीएस अय्यर की तरफ से लेखकों को छूट रहती कि वे जितनी देर तक चाहें बैठ के गप-शप कर लें। पंजाबी लेखकों की टेबल से कुछ दूर हिंदी के लेखकों की भी अखंड चर्चा चल रही होती। इसमें डॉ. नरेंद्र मोहन, भीष्म साहनी, प्रताप सहगल वगैरह होते। इसमें कभी-कभी निर्मल वर्मा भी शामिल हो जाते। ये सब करोल बाग, पटेल नगर और न्यू राजेंद्र नगर में रहा करते थे। हरनाम सिंह के प्रभाव के चलते गुलजार कविताएं कहने लगे थे। उनके पास शब्दों का भंडार था। उन्हें पंजाबी के साथ-साथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान था। **–फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# दोहरे पोषण संकट से गुजर रही है देश की आबादी

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई हैं।

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएं प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत, जैसे- 'उच्च शर्करा', 'उच्च नमक' या 'उच्च वसा' उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है, किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाज़ार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाज़ार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# रंगोली




भजन क्लबिंग या भजन जामिंग मेट्रो सिटी और सोसाइटी कल्चर से शुरू हुआ एक ऐसा नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ट्रेंड है, जो अब छोटे शहरों का रुख कर रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों से निकली 'स्पिरिचुअल पार्टी' की इस विधा में पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हाईटेक लाइट्स और क्लब के माहौल के साथ मिलाकर किसी नई दुनिया जैसा संसार सजाया जाता है। यह फ्यूजन जेन-जी युवाओं के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे आयोजनों में किसी नाइट क्लब या रॉक कॉन्सर्ट जैसे माहौल में भजनों, भक्ति गीतों और मंत्रों पर नशा-मुक्त वातावरण में लोग अपनी ही मस्ती में झूमते और नाचते हैं। इस तरह भजन क्लबिंग का आयोजन भक्ति संगीत, ध्यान और सामूहिक ऊर्जा का एक ऐसा अनोखा मेल जाता है, जिसमें लोगों को सकारात्मकता के साथ शांतिपूर्ण आत्मिक अनुभव मिलता है।

*-मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

# भजन क्लबिंग

## परंपरा और संस्कृति का नया मिश्रण

### आधुनिक तकनीक के साथ संगीत व प्रस्तुति का नया अंदाज

आध्यामिकता और आधुनिकता का संगम किस तरह मौजूदा माहौल में खासकर युवाओं के बीच अपनी जगह बना सकता है, इसे भजन क्लबिंग या जामिंग ने साबित कर दिखाया है। बड़े शहरों के रूफटॉप कैफे, लाउंज, हॉल, रिजॉर्ट या आर्ट स्टूडियो जैसे स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को किसी एक दिन, स्थान या व्यक्ति द्वारा शुरू नहीं किया गया, बल्कि यह भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रमों के लगातार बदलते स्वरूप को नया विजन मिलने जैसा है। आप इसे पारंपरिक कीर्तन का आधुनिक स्वरूप मान सकते हैं, जिसने पहले कीर्तन और देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, थीम आधारित सजावट और लोक संस्कृति के साथ रचनात्मकता का नया रंग भरा, फिर युवाओं की कल्पना पाकर संगीत और प्रस्तुति का नया अंदाज भर दिया। यही वजह है कि आज जेन-जी भजन क्लबिंग को न सिर्फ धर्म और आध्यात्मिकता से सराबोर समाज और संस्कृति को जोड़ने वाले आयोजन मानता है, बल्कि यह भी कहता है कि ऐसे आयोजन पीढ़ियों का अंतर मिटाने के साथ माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों को भी मजबूत बना रहे हैं। इस प्रकार यह भक्ति को एक नए और ऊर्जावान अंदाज में अनुभव करने वाले युवाओं के लिए नया सांस्कृतिक ट्रेंड है, जो पार्टी के वातावरण को भक्ति और अध्यात्म से जोड़ देता है।

### रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ जेन-जी की कल्पना का इस्तेमाल

वास्तव में भजन क्लबिंग न तो पारंपरिक भजन संध्या है और न इसे नाइट क्लब जैसा समझा जा सकता है, लेकिन यह इन दोनों के बीच का ऐसा संगम जरूर है, जिसने युवाओं के लिए मौज-मस्ती के साथ सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग खोल दिया है। यह ट्रेंड भारतीय युवाओं की धीरे-धीरे बदल रही प्राथमिकताओं का नतीजा है। एक ऐसी पीढ़ी जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व तो करना चाहती है, लेकिन पुरानी मान्यताओं और वर्जनाओं में बंधकर नहीं। ऐसे में भजन क्लबिंग में भजनों को रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ प्रस्तुत किए जाने और लाइव बैंड, डीजे तथा डिस्को लाइट्स के इस्तेमाल से एक ऐसा वातावरण सृजित हो जाता है, जो उन्हें परंपरा और आधुनिकता से जोड़ देता है।

### लेजर लाइट्स और बड़े डांस फ्लोर पर झूमना

भजन क्लबिंग में प्राचीन श्लोकों और भजनों को हाई-एनर्जी बीट्स, इलेक्ट्रिक गिटार, ड्रम और आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ बजाया जाता है। माहौल में लेजर लाइट्स, स्मोक मशीन और बड़े डांस फ्लोर होते हैं। यहां युवा नाचते हैं और झूमते हैं। जमीन पर बैठकर या खड़े होकर आनंद में डूबकर तालियां बजाते हैं और सामूहिक कीर्तन करते हैं। उनकी जुबान पर हरे कृष्णा या शिव स्तुति जैसे बोल होते हैं। पारंपरिक क्लबों के विपरीत, यहां शराब या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन नहीं होता है। लोग गर्व से चाय-कॉफी या छाछ पीते हैं और संगीत की ऊर्जा से खुद को 'हाई' महसूस करते हैं।

### पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप मन को कर देता शांत

जेन-जी को पारंपरिक धार्मिक आयोजन अक्सर काफी सख्त और कभी-कभी बोरिंग कार्यक्रम जैसे लगते हैं, ऐसे में भजन क्लबिंग के जरिए जब धर्म और भक्ति को लाइटिंग, डीजे मिक्स और वाइब्रेंट माहौल के साथ मिलाया जाता है, तो उन्हें बिल्कुल नया अनुभव होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले अधिकतर युवाओं का कहना है कि पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप उनके मन को शांत करता है, जिससे शारीरिक थकान दूर होने के साथ मानसिक स्ट्रेस कम होता है।

### मोदी ने संस्कारों से जुड़ा नया आध्यात्मिक आंदोलन बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (25 जनवरी 2026) कार्यक्रम में इस ट्रेंड को आध्यात्मिकता और आधुनिकता का सुंदर मेल बताते हुए कहा था कि ऐसे आयोजनों में युवा अपनी संस्कृति और परंपरा से नए तरीके से जुड़ रहे हैं। यह ट्रेंड एक आध्यात्मिक आंदोलन जैसा है, जो आज के युवा की भक्ति की भावना को जीवनशैली से जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी भी जताई थी कि इन आयोजनों में भजनों की पवित्रता और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाता। यहां स्टेज भले ही किसी इंटरनेशनल कॉन्सर्ट जैसा हो, लेकिन जो एनर्जी और श्रद्धा होती है, वह पूरी तरह से भारतीय संस्कारों से जुड़ी होती है।

**अनोखी परंपरा**

## धनगांव: जहां समय से पहले दस्तक देते हैं त्योहार




भारत अपनी विविध संस्कृतियों और अनूठी परंपराओं के लिए विश्व भर में विख्यात है। यहां के कण-कण में लोक कथाएं और श्रद्धा का वास है। इसी सांस्कृतिक विविधता के बीच मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित धनगांव अपनी एक ऐसी विशिष्ट पहचान रखता है, जो आधुनिक तर्क को चुनौती देती है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दीपावली, होली, दशहरा और रक्षाबंधन जैसे राष्ट्रीय त्योहार पूरे देश से एक दिन पहले मनाए जाते हैं। जब शेष भारत उत्सव की तैयारियों में व्यस्त होता है, तब धनगांव के आंगन खुशियों और रंगों से सराबोर हो चुके होते हैं।

इस अनोखी परंपरा की जड़ें लगभग सवा सौ वर्ष पुरानी हैं। यह बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, एक सदी पहले जब ग्रामीण कैलेंडर की तय तिथियों पर त्योहार मनाते थे, तो गांव को भीषण कष्ट झेलने पड़ते थे। कभी कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा दस्तक देती, तो कभी त्योहार की पूजा करने वाला मुख्य सदस्य अचानक गंभीर रूप से बीमार होकर काल का ग्रास बन जाता। इन रहस्यमयी और दुखद घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में गहरा भय पैदा कर दिया था।

लोककथाओं के अनुसार, संकट के उस दौर में ग्राम देवता खेरमाई माता ने एक ग्रामीण को स्वप्न में दर्शन दिए। माता ने निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण 'कुकरापाट' नामक स्थान पर स्थित विशाल शिला को देवता मानकर उनकी पूजा शुरू करें और निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व उत्सव मनाएं, तो गांव पर मंडराते संकट टल जाएंगे। ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ इस आदेश का पालन किया और परिणाम स्वरूप अनहोनी का सिलसिला थम गया। आपदाएं शांत हो गईं और लोग स्वस्थ रहने लगे। आज के डिजिटल युग में भी धनगांव के लोग अपने पूर्वजों की इस व्यवस्था को तोड़ने का साहस नहीं करते। बुजुर्गों का मानना है कि जब भी कभी इस नियम में बदलाव की कोशिश की गई, गांव को किसी न किसी बड़ी विपत्ति या मृत्यु का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि 'हरेली' और 'पोला' जैसे कृषि आधारित पर्व हों या दीपावली जैसे बड़े त्योहार, यहां की रस्में एक दिन पहले ही संपन्न हो जाती हैं।


**आर्ट गैलरी**

## पॉल सेजेन की 'ले कैबनन डे जॉर्डन'



ले कैबनन डे जॉर्डन एक लैंडस्केप पेंटिंग है, जिसे फ्रेंच आर्टिस्ट पॉल सेज़ेन ने 1906 में बनाया था। इसे उसी साल उनकी मौत से पहले उनका आखिरी पूरा किया हुआ काम माना जाता है। पेंटिंग में पेड़ों के बीच एक छोटी सी झोपड़ी है, जिसके पीछे दूर एक पहाड़ी बैकग्राउंड है। सेज़ेन के स्टाइल की खासियत है, बार-बार ब्रशस्ट्रोक और रंगों के प्लेन, जो इस पेंटिंग में साफ दिखते हैं। मोटे, बोल्ड ब्रश स्ट्रोक के इस्तेमाल से टेक्सचर और गहराई आती है, जिससे पेंटिंग में मूवमेंट और जान का एहसास होता है। यह स्टाइल सेज़ेन के उस मकसद को दिखाता है कि वह एक ऐसी इमेज बनाना चाहते थे, जिसमें रंगों के अलग-अलग पैच एक साथ मिलकर एक पूरे रूप में हों। ले कैबनन डे जॉर्डन अपने चमकीले रंगों और खूबसूरत कंपोजिशन के जरिए प्रकृति की सुंदरता को दिखाता है। रंगों की रिचनेस और लेयर्ड टेक्सचर प्रकृति को एक्सप्लोर करते हुए बिताए गर्मियों के दिनों की याद दिलाता है। फैन इस आर्टवर्क को नेचुरल सुंदरता और मॉडर्न आर्ट के मेल के लिए पसंद करते हैं।

### पॉल के बारे में



पॉल सेजेन एक फ्रेंच पेंटर थे, जिनका जन्म 19 जनवरी, 1839 को हुआ था और 22 अक्टूबर, 1906 को उनकी मौत हो गई। वह अपनी पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट स्टाइल की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं, जिसने मॉडर्न आर्ट की नींव रखी। सेजेन ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपने पिता की इच्छा के खिलाफ आर्ट में करियर बनाने का फैसला करने से पहले लॉ की पढ़ाई की। वह 1860 के दशक के आखिर में पेरिस चले गए, जहां उनकी मुलाकात क्लॉड मोनेट और केमिली पिसारो जैसे दूसरे प्रभावशाली कलाकारों से हुई, जिन्होंने उनके आर्टिस्टिक स्टाइल को आकार देने में मदद की।

**लोकायन**

## ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर चरकुला नृत्य

भारत की सांस्कृतिक विविधता का जब भी उल्लेख होता है, उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहां की लोक कलाओं में 'चरकुला' नृत्य एक ऐसा अनूठा रत्न है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि श्रद्धा, संतुलन और साहस का अद्भुत संगम भी है। अपनी विशिष्ट शैली और लोकप्रियता के कारण, अक्सर इसकी तुलना भारत के प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य कथक से की जाती है। यह नृत्य विशेष रूप से ब्रज के ग्रामीण ब्राह्मण समुदायों में प्रचलित है और होली के तीसरे दिन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

चरकुला नृत्य की जड़ें द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गहराई से जुड़ी हैं। इसके पीछे दो प्रमुख पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी, तब ग्वालों और ग्रामीणों ने अपनी विजय और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए यह नृत्य किया था। दूसरी कथा इस प्रकार है: जब राधा का जन्म हुआ, तो उनकी माता सिर पर चरकुला या तेल के दीपक लेकर पूरे गांव को खुशखबरी देने के लिए बाहर दौड़ीं। ये तथ्य इसे एक प्राचीन नृत्य शैली बनाते हैं। यही कारण है कि यह नृत्य आज भी एक मंगलकारी उत्सव के रूप में जीवित है।



चरकुला नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण विशेषता इसका शारीरिक संतुलन है। महिला नर्तकियां अपने सिर पर लकड़ी का एक बहुस्तरीय पिरामिडनुमा ढांचा रखती हैं, जिसमें 6 से 8 स्तर होते हैं। इन स्तरों पर जलते हुए तेल के दीपकों की संख्या 51 से लेकर 108 तक हो सकती है। इन प्रज्वलित दीपकों के समूह को ही 'चरकुला' कहा जाता है, जिससे इस नृत्य का नाम पड़ा। सिर पर अत्यधिक भार और जलते दीपकों के कारण नर्तकी की गति अत्यंत सीमित हो जाती है। वह न तो अपनी गर्दन हिला सकती है और न ही शरीर को झटके से मोड़ सकती है। इन कठिन सीमाओं के बावजूद, एक कुशल नर्तकी संगीत की लय पर बड़े ही सुघड़ ढंग से घूमते हुए और पदचाप करते हुए आगे बढ़ती है। एक समूह में 5 से लेकर 50 नर्तकियां हो सकती हैं और यह प्रदर्शन 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक चल सकता है। नर्तकियां टखनों तक लंबी रंगीन स्कर्ट और पारंपरिक कढ़ाईदार ब्लाउज पहनती हैं, जो प्रदर्शन को अत्यधिक आकर्षक बनाते हैं। नृत्य के दौरान बजने वाला संगीत ब्रज की प्रसिद्ध रसिया धुन पर आधारित होता है। रसिया को भगवान कृष्ण का गीत और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ढोल की थाप और पुरुष गायकों के स्वर इस लोक नृत्य में प्राण फूंक देते हैं।

## कला बाजार और लोककला: संरक्षण, परिवर्तन और संकट

कला बाजार के बढ़ते प्रभाव के बीच जब हम आज की लोककला परंपराओं पर नजर डालते हैं, तो एक साथ हर्ष और विषाद दोनों भाव सामने आते हैं। हर्ष इसलिए कि देश के विभिन्न हिस्सों में आज बड़ी संख्या में लोक कलाकार अपनी कला के माध्यम से सम्मानजनक जीवनयापन कर पा रहे हैं। विषाद इसलिए कि इसी प्रक्रिया में लोककला की कई मूलभूत विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही हैं।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

पिछले दो दशकों में लोककला को लेकर संस्थागत और सरकारी स्तर पर एक स्पष्ट सक्रियता देखी गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कारों और पद्म सम्मानों तक, लोक कलाकारों की उपस्थिति लगातार बढ़ी है। यदि प्रत्येक वर्ष जारी होने वाली पद्म पुरस्कार सूची पर दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि समकालीन शहरी कलाकारों की तुलना में लोक और पारंपरिक कलाकारों की संख्या कहीं अधिक है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि लोककला को अब हाशिए की अभिव्यक्ति नहीं माना जा रहा।

इसके साथ-साथ कला मेलों, क्राफ्ट मेलों और हाटों में लोक कलाकारों की भागीदारी भी बढ़ी है। दिल्ली हाट, सूरजकुंड मेला, शिल्पग्राम, दस्तकार जैसे मंचों ने लोक कलाकारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने का अवसर दिया है। इसके अलावा, शहरी मध्यमवर्ग और अभिजात्य समाज में 'एथनिक' और 'हैंडमेड' को लेकर बढ़ती चेतना ने लोककला की मांग को भी बढ़ाया है। घरों, दफ्तरों और होटलों में लोक शैली की कलाकृतियों का प्रयोग अब सांस्कृतिक सजावट का प्रतीक बन चुका है, लेकिन इस सकारात्मक परिदृश्य के समानांतर कुछ गंभीर प्रश्न भी उभरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार के दबाव में लोककला अपनी मूल पहचान खोती जा रही है? लोककला की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्थानीयता थी। स्थानीय कथाएं, स्थानीय संसाधन, स्थानीय रंग और सामुदायिक निर्माण प्रक्रिया। आज इनमें से कई तत्व बदल रहे हैं। कई लोक कलाओं में अब प्राकृतिक रंगों और स्थानीय सामग्रियों के स्थान पर बाजार में उपलब्ध एक्रेलिक रंग, कैनवास और मानकीकृत सतहों का प्रयोग बढ़ गया है। इससे उत्पादन तो तेज़ हुआ है, लेकिन कला और उसके पर्यावरण के बीच का पारंपरिक संबंध कमजोर पड़ा है। इसी तरह, लोककला की सामूहिक प्रकृति, जहां पूरा समुदाय किसी कला परंपरा का वाहक होता था, अब लगभग समाप्त हो चुकी है। आज लोक कलाकार भी एकल निर्माता के रूप में पहचाने जा रहे हैं। यह परिवर्तन पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू यह है कि लोक कलाकार अब 'अनाम' नहीं रहे। वे भी समकालीन कलाकारों की तरह अपनी व्यक्तिगत पहचान, हस्ताक्षर और शैली के साथ सामने आ रहे हैं। यह बदलाव उन्हें आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता प्रदान करता है।









कला बाज़ार ने उन्हें दृश्यता दी है, जो पहले संभव नहीं थी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या बाजार की उपस्थिति नहीं, बल्कि उसके एकाधिकार में है। जब लोककला केवल बिक्री-योग्य वस्तु बन जाती है, तब उसकी सांस्कृतिक जटिलता और सामाजिक संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। लोककला तब जीवन का हिस्सा न रहकर 'डेकोरेटिव प्रोडक्ट' में तब्दील हो जाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोककला के संरक्षण और उसके स्वाभाविक विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। क्योंकि बाज़ार लोककला का सहायक तो बन सकता है, लेकिन नियंत्रक नहीं। लोक कलाकारों को केवल उत्पादक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान के वाहक के रूप में देखा जाना चाहिए। तभी लोककला परंपराएं न तो संग्रहालयों में कैद होंगी और न ही बाजार में अपनी आत्मा खोएंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,225.92 | 25,424.65 |
| गिरावट | 1,068.74 | 288.35 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.12 |

सोना 1,63,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000 प्रति किलो

अमृत विचार

बरेली, बुधवार, 25 फरवरी 2026

www.amritvichar.com

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2550, राज श्री 1860, फॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13 किग्रा 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 किग्रा 1930, क्लासिक (किग्रा) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505 **किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवाइन 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, **प्रति किलो :** लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किशमिश पीली 350-400, मखाना 950-1100 **चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200 **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100 **चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3000, मसूरी 1400, बासमती 7800-9200, परमल 1900-3800

**दाल दलहन :** काला चना 2000-3200, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5400, राजमा 8800-12200, दाल उड़द 6200, साबुत मसूर दाल 3200, मसूर दाल 1000, उड़द साबुत 10000, काबुली चना 6800-10400, अरहर दाल 10000 -12200, लोबिया/करमानी 2000-4200

# एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी टूटा हौसला

**मुंबई, एजेंसी**

एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में फिर भारी बिकवाली हुई जिसके बाद घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने भी निवेशकों के हौसलों को पस्त किया।

दिन के दौरान दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।



**इसलिए आईटी शेयरों की बिकवाली**

- एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने अपने नए टूल क्लाउड कोड के बारे में बताया कि यह पुराने कोबोल प्रोग्रामिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने का काम तेजी से और कम लागत में कर सकता है। इससे भारतीय कंपनियों के पारंपरिक आउटसोर्सिंग और मेंटेनेंस बिजनेस पर बुरा असर पड़ने की आशंका पैदा हुई।
- अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम के शेयरों में सोमवार को 13% की भारी गिरावट आई, जो पिछले 25 वर्षों में उसकी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। चूंकि भारतीय आईटी कंपनियां अपनी कमाई के लिए अमेरिकी क्लाइंट्स पर निर्भर हैं, इसलिए वहां की गिरावट का असर यहां भी दिखा।
- ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ्रीज और सीएलएसए ने टीसीएस, इंफोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए अपने टारगेट प्राइस घटा दिए हैं। उनका मानना है कि एआई के कारण मार्जिन और रेवेन्यू पर दबाव बढ़ सकता है।

### टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की हुई गिरावट

आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेज गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### अमेरिकी टैरिफ पर बढ़ी चिंता

विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था 8% की दर से बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए

- **भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट**

जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### कॉरपोरेट यात्रा से मेकमाईट्रिप की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप की कॉरपोरेट यात्रा खंड की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर को पार कर गई। इस सेवा का लाभ 40 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिला है।

कंपनी ने कहा कि उसके कॉरपोरेट मंच क्वेस्ट2ट्रैवल, मायबिज और हैपे पर कुल बुकिंग एक अरब डॉलर से अधिक हो गई है। मेकमाईट्रिप के पास 500 बड़ी कंपनियों के ग्राहक हैं। इनमें बीएसई 500 की शीर्ष 150 कंपनियां और पूरे देश के 75,000 छोटे और मझोले व्यवसाय शामिल हैं। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ राजेश मागो ने कहा, हमारा कॉरपोरेट यात्रा कारोबार सामान्य उपभोक्ता व्यवसाय की तुलना में नया है, लेकिन केवल पांच वर्षों में यह बहुत तेजी से बढ़ा है।

# भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है।

पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-इज़राइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के

- **विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ**

समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है।

कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं।

# एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका के 15% शुल्क से फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ उन अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है, जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम

MOODY'S ANALYTICS

- **मूडीज ने कहा- इसमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल**

कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

बयान में कहा गया है, अदालत का फैसला भारत और इंडोनेशिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों पर भी सवाल उठाता है। प्रमुख विवरण, जैसे कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की समयसीमा और इंडोनेशिया से शुल्क-मुक्त वस्त्र निर्यात की मात्रा, अभी तय नहीं हुए हैं। भारत ने अपने प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन भेजने की योजना भी टाल दी है।

### फिर पहले के स्तर के करीब जा सकता है अमेरिकी शुल्क अभी जश्न मनाने से बचें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, हमारा मानना है कि ट्रंप शुल्क बढ़ाने के लिए अन्य कानूनी रास्ते खोजेंगे और हमें आश्चर्य नहीं होगा यदि अमेरिकी शुल्क शुक्रवार से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएं। कुछ सरकारें अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों की प्रक्रिया धीमी कर सकती हैं, लेकिन अधिक दंडात्मक शुल्क का डर से उन्हें पूरी तरह पीछे नहीं हटने देगा। कहा गया कि शुल्क के अंततः 20 फरवरी से पहले लागू दर से नीचे स्थिर होने की सर्वोत्तम स्थिति में भी व्यापार में पर्याप्त अनिश्चितता और लॉजिस्टिक अव्यवस्था बनी रहेगी। कंपनियां पहले से चुकाए गए शुल्क के लिए मुआवजा मांग सकती हैं। यह प्रक्रिया अत्यधिक विवादास्पद और समय लेने वाली साबित हो सकती है। बयान में कहा गया, यदि अमेरिकी आयातक इस फैसले को अस्थायी राहत मानते हैं तो वे शुल्क फिर से बढ़ने से पहले माल भेजने की जल्दबाजी कर सकते हैं। संक्षेप में, व्यवसायों एवं नीति-निर्माताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अभी जश्न मनाने से बचें।



# पश्चिम बंगाल में झारखंड-ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे

## एसआईआर : कलकत्ता हाईकोर्ट के अनुरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्य झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र पर यह फैसला लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में लगभग 80 दिन लगेंगे।

पीठ ने गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया संचालित करने के लिए दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती की अनुमति दी। साथ ही, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से



झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उसने अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को पूरक मतदाता सूचियों में नामित किया, जो आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगी।

वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक है। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का असाधारण निर्देश जारी किया था।

### केरल हाईकोर्ट के राज्य सरकार के कार्यक्रम को रद्द करने के के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सरकार को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें नव केरल नागरिक प्रतिक्रिया कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने वाले आदेश को रद्द कर दिया गया था। इस योजना को जारी रखने का मार्ग प्रशस्त करते हुए सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर गौर करते हुए हाईकोर्ट में पेश हुए याचिकाकर्ताओं सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। राज्य सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया अगर राज्य सरकार जमीनी स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने में सरकारी कर्मचारियों की मदद लेती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। प्रतिवादियों के वकील ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से पहले जनसंपर्क गतिविधियों के लिए अपने कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद ले रही है।

# कश्मीरी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार पर पद से हटाए गए कुलपति

**लुधियाना।** कश्मीरी विद्यार्थियों के एक समूह से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद मंगलवार को सीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नितिन टंडन को पद से हटा दिया गया। कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी ने यह जानकारी दी।

निजी विश्वविद्यालय ने मामले में आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों ने दावा किया कि सोमवार को उन्होंने रमजान के दौरान विश्वविद्यालय के मेस में सहरी और इफ्तार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि टंडन ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके प्रवेश रद्द करने की धमकी दी।

# महाराष्ट्रः मंत्री के दफ्तर में एसीबी का छापा विपक्ष के सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के खाद्य और औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के छापे के बाद विपक्ष के नेताओं ने बजट सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विधान भवन के अंदर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंत्रालय के अंदर एक कक्ष में एसीबी की कार्रवाई पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'जिरवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए और सरकार पर भ्रष्टाचार को छिपाने बचाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी विधान भवन की

- **विधानसभा में किया प्रदर्शन, मंत्री जिरवाल के इस्तीफे की मांग की**

सीढ़ियों पर जमा हो गए, जिससे राजनीतिक टकराव और बढ़ गया। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने सुबह से ही आक्रामक रुख अपनाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधायक सत्यजीत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि फाइलें सिर्फ पैसे से चलती हैं, साथ ही मंत्रालय पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि यदि मंत्रालय भवन में ही मंत्री की नाक के नीचे रिश्वत ली जा रही है तो यह दिखाता है कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का हाल क्या है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निचले स्तर के अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह मंत्री के समर्थन के बिना ऐसी हरकतें कर सके। उन्होंने मांग की कि नरहरि जिरवाल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। वहीं सत्तारूढ़ पक्ष ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया। सरकारी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शामिल व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा।

# मोदी ने दबाव में आकर दी अमेरिका से व्यापार समझौते को मंजूरी: राहुल

**भोपाल, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित 'किसान महाचौपाल' को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड (झुक गए) हैं। उनको फंसा दिया गया है। मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है। यह डील नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है। यह सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए। राहुल ने कहा, इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी लाखों एप्स्टीन फाइल हैं। उनमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं। राहुल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी एप्स्टीन फाइल्स में शामिल है और मोदी को धमकाने के लिए ही उनका नाम



भोपाल में किसानों को संबोधित करते राहुल गांधी।

- **कहा- व्यापार समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल में छिपे राज और अमेरिका में अदाणी पर मुकदमा**

जारी किया गया था। ऐसा करके अमेरिका ने यह संदेश दिया कि मोदी ने उनकी बात नहीं मानी तो वह फाइलों में से और सबूत निकलेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि समझौते पर मोदी के सहमत होने का दूसरा कारण अमेरिका में अदाणी के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा है। हालांकि, अमेरिका में जो यह मामला है, उसका लक्ष्य अदाणी नहीं बल्कि मोदी हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि और अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए हिंदुस्तान को अमेरिका के हाथों बेच दिया है, लेकिन अब नरेंद्र मोदी बच नहीं सकते। उन्हें कोई शक्ति नहीं बचा सकती।

# बम की धमकी वाले ईमेल से पश्चिम बंगाल की अदालतों में दहशत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कोलकाता समेत कई और अदालतों में उस समय दहशत फैल गई जब जजों को गुमनाम ईमेल मिले जिनमें अदालत परिसर के अंदर बम धमाके होने की चेतावनी दी गई थी।

पहली धमकी तब आई जब अदालत की कार्रवाई चल रही थी। जज को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया था कि जल्द ही धमाका होगा। इस संदेश के बाद तुरंत सतर्कता बरती गई। पश्चिम बर्दवान, हुगली के चिनसुराह, कोलकाता के बैंकशॉल कोर्ट और मुर्शिदाबाद जिला अदालत को ऐसे ही धमकी भरे ईमेल मिलने की खबर मिली, जिससे अदालत को खाली कराकर आपातकालीन सुरक्षा उपाय करने पड़े।

पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों के साथ अदालत परिसरों की अच्छी तरह तलाशी ली। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पहली घटना पश्चिम बर्दवान जिला और सत्र अदालत में हुई, जहां मुख्य न्यायाधीश को सुबह करीब 11 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि परिसर में एक बम रखा गया है और दोपहर 1 बजे उसमें धमाका होगा।

# राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करें राज्य चुनाव आयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए।

- **गोलमेज सम्मेलन में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार**

निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगर पालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने ''ए कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज'' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी।

- **ईवीएम व मतदाता सूची साझा करना सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा**

राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें आमतौर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

# अमेरिका का खुलासा, छह साल पहले चीन ने किया था गुप्त परमाणु परीक्षण

- देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का किया आह्वान

जेनेवा, एजेंसी


अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया, जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

## अमेरिका सच को करेगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसमें उन्होंने पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों को यूएफओ और परग्रही जीवन से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक वायरल पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद उठाया गया, जिसमें ओबामा ने कहा था कि एलियंस असली हैं। दशकों से एरिया 51 जैसी जगहों और उड़न तश्तरियों की कहानियों ने जनमानस को रोमांचित किया है। सरकार की अत्यधिक गोपनीयता ने इन संदेहों को और पुख्ता किया कि शायद अमेरिका के पास क्रैश हुए स्पेसक्राफ्ट और एलियंस के अवशेष मौजूद हैं। हालांकि, 2024 की पेंटागन रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन तकनीक का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन ट्रंप के इस नए आदेश ने फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या हम वास्तव में एक बड़े खुलासे की दहलीज पर हैं।

## उड़न तश्तरियां



### क्या हैं यूफओ

- यूएफओ का मतलब हवा में उड़ने वाली ऐसी चीज़ से है जिसकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।
- एलियन से संबंध : अक्सर लोग यूएफओ को एलियंस या परग्रही जीवों के अंतरिक्ष यान से जोड़कर देखते हैं, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।
- वैज्ञानिक और सैन्य दृष्टिकोण : अमेरिकी रक्षा विभाग अब इन्हें यूएपी (अनआईडेंटीफाइड अनामोलस फेनोमिना) के नाम से भी बुलाता है। कई बार ये प्राकृतिक घटनाएं, मौसम के गुब्बारे या गुप्त सैन्य विमान भी हो सकते हैं।

### पेंटागन की ताजा रिपोर्ट

- पेंटागन के ऑल-डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।
- हजारों मामले : जून 2024 तक, पेंटागन के पास जांच के लिए कुल 1,600 से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 757 रिपोर्ट तो मई 2023 से जून 2024 के बीच ही मिली थीं।
- कोई एलियन सबूत नहीं : रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जो यह साबित करे कि ये घटनाएं एलियंस या परग्रही तकनीक से जुड़ी हैं।
- साधारण कारण : अधिकतर सुलझाए गए मामलों में यूएफओ असल में गुब्बारे, पक्षी, ड्रोन, सैटेलाइट या साधारण विमान निकले हैं।
- अनसुलझे रहस्य : लगभग 21 घटनाएं ऐसी थीं जिन्हें पेंटागन के विशेषज्ञों ने विसंगतियां माना है, क्योंकि उनकी उड़ान का तरीका भौतिक विज्ञान के सामान्य नियमों से अलग था।

### अनसुलझीं घटनाएं

- अचानक गति परिवर्तन : ये वस्तुएं एक पल में स्थिर खड़ी रहती हैं और अगले ही पल हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं, बिना किसी इंजन या धुएं के।
- अजीब आकार : इनमें सबसे ज्यादा सफेद गोले सिलेंडर और प्रसिद्ध 'टिक-टैक' के आकार की वस्तुएं देखी गई हैं जो मानव मशीनों के समझ से परे थीं
- पानी और हवा में समान गति : कुछ वस्तुएं हवा से सीधे समुद्र के भीतर चली गईं बिना अपनी गति कम किए ।
- कोई स्पष्ट विंग्स नहीं : इन उड़ने वाली वस्तुओं में न तो कोई पंख, न ही कोई इंजन।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीय मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं।

### मॉस्को में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर द्वारा पुलिस वाहन के पास किए गए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई तथा दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में हमलावर भी मारा गया। मॉस्को के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सोमवार देर रात राजधानी के बीचोबीच सव्योलोव्स्की रेलवे स्टेशन के पास हुआ। उसने बताया कि हमलावर यातायात पुलिस के वाहन के निकट गया और धमाका कर दिया, जिससे एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

### गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत को जमानत

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### प. बंगाल में छह कोर्ट को उड़ाने की धमकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मंगलवार को छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संबंधित परिसरों में बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे न्यायिक कामकाज बाधित हुआ। अधिकारियों ने बताया कि अदालत परिसरों की तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फर्जी धमकी वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

# डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप

## अमेरिकी सांसदों ने विधेयक में कहा-180 दिन के भीतर ब्याज सहित शुल्क लौटाए सरकार

- ट्रंप प्रशासन ने वसूले हैं 175 अरब अमेरिकी डॉलर आयात शुल्क

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे।

ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



### फ्रांसीसी अफसरों से नहीं मिल पाएंगे यूएस राजदूत

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को बताया था अवैध

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

## अमेरिकी सेना का नौका पर हमला तीन की गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कैरेबियन सागर में एक नौका पर हमला कर तीन लोगों को मार गिराया जिससे नशीले पदार्थों की कथित तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन के संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कई महीने से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप सरकार ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत से समुद्र में छोटी नावों के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों (नार्को-टेररिस्ट) के खिलाफ यह अभियान शुरू किया था।

सोमवार को हुए इस हमले के बाद, ऐसी घटनाओं में अब तक मरने वालों की कुल संख्या कम से कम 151 हो गई है। अब तक इस तरह के 40 से ज़्यादा हमले हो चुके हैं। पिछले हमलों की तरह इस बार भी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने यही कहा कि उन्होंने तस्करी के मार्गों पर मादक द्रव्यों के तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि उस नाव में वाकई नशीले पदार्थ थे, लेकिन उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाला है। अमेरिकी कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि यह जहाज कैरेबियन सागर में तस्करी के जाने-माने रास्तों से गुजर रहा था और नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल था।

# अंडमान में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा गया

- हेलीकॉप्टर में चालक दल सहित सात लोग थे सवार

श्री विजयपुरम, एजेंसी

उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह समुद्र में उतारना पड़ा, हालांकि उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समुद्र के बीच से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक वरिष्ठ नागर विमानन अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने श्री विजयपुरम से सुबह 8:45 बजे उड़ान भरी थी और साढ़े नौ बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है जिसके कारण पायलट को हेलीकॉप्टर समुद्र में उतारना पड़ा। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

पवन हंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी। सुबह 9:10 बजे मायाबंदर के लिए रवाना हुआ और साढ़े नौ बजे इसे उतरना था, लेकिन रनवे से लगभग 300 मीटर पहले उसे समुद्र में उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज के विमान को नागपुर उतारा गया

**नागपुर।** लंदन से हैदराबाद जा रहे ब्रिटिश एयरवेज के एक विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी का पता चलने पर नागपुर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की इस बोइंग 787 उड़ान ने दोपहर लगभग 12 :00 बजे एक छोटी तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद पायलटों ने निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश चार की मौत

**तेहरान।** ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को मध्य ईरान के एक बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किमी दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

# नेपाल में मतगणना के 24 घटे के भीतर आएंगे नतीजे

- पड़ोसी देश में आगामी पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालयी देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्येक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं।

## माओवादी देवूजी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी ने मंगलवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह माओवादी संगठन का महत्वपूर्ण रणनीतिकार था। देवूजी प्रतिबंधित संगठन की महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य था।

उसने केंद्रीय समिति के सदस्य मल्ला राजी रेड्डी के साथ तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। देवूजी और राजी रेड्डी के अलावा, दो अन्य माओवादियों बड़े चोक्का राव और नून नरसिम्हा रेड्डी ने भी हथियार डाल दिए। देवूजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति का सचिव चुना जाना था।

# तहव्वुर की रद्द हो सकती है कनाडा की नागरिकता

- पीएम कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा ने तेज की प्रक्रिया

टोरंटो, एजेंसी

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसायी तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। 'ग्लोबल न्यूज' को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।

**सिंह** – आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बंधी डील से आपको लाभ होगा।

**तुला** – आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं।

**धनु** – आज दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या होगी।

**कुंभ** – आज नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**मीन** – आज शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

# अमेरिका में तूफान के चलते दो हजार से अधिक उड़ानें रद्द

- लगभग 700 फ्लाइट को आने जाने में हुआ भारी विलंब

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में शीतकालीन तूफानों की वजह से मंगलवार को 2,000 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। फ़्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट ने कहा, आज अमेरिका के अंदर या बाहर कुल 2,026 उड़ानों को रद्द कर दिया गया। इसके अलावा 700 और उड़ानों में देरी हुई। पूर्वोत्तर के हवाई अड्डों पर खास तौर पर बुरा असर पड़ा।

जॉन एफ केनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लागार्डिया हवाई अड्डा, नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और बोस्टन लोगान हवाई अड्डों पर आधी से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने चेतावनी दी कि एक बड़े शीतकालीन तूफान से मध्य-अटलांटिक और पूर्वोत्तर में भारी हिमपात, तेज हवाएं और तटीय बाढ़ आने की आशंका है, जिससे यात्रा करना नामुमकिन हो सकता है और बिजली गुल हो सकती है। फ़्लाइट अवेयर के मुताबिक आज सुबह तक अमेरिकी हवाई अड्डा से आने-जाने वाली 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हो गई थीं, जबकि सोमवार को यह संख्या 5,700 से अधिक थी।

बोस्टन लोगन से कम से कम 50 फीसदी तय उड़ानें रद्द कर दी गईं। नेवार्क लिबर्टी और लागार्डिया में 49 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि केनेडी हवाई अड्डे पर 41 फीसदी उड़ानें रद्द कर दी गईं।

करें सामूहिक प्रयास

नई दिल्ली में बोले संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत

# दुनिया में खामोश महामारी हैं सड़क हादसे

- ज्यां टॉड ने कहा, भारत में भी होती है हादसों में हजारों मौतें

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है।



ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है। उनकी भारत की वर्तमान यात्रा मराकेश घोषणा के 11 महीने बाद हो रही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सड़क सुरक्षा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की थी। संबंधित घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को आधा करना है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जिनमें प्रतिवर्ष अनुमानित तौर पर 1,53,972 लोगों की जान चली जाती है, और मृत्यु दर 15.4 प्रति एक लाख है। पैदल यात्री, साइकिल और बाइक चालक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, और अधिकतर मौत के मामले इन्हीं से संबंधित है।

### मेक सेफ्टी स्टेटमेंट अभियान की शुरुआत की

टॉड ने सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र-जेसीडिक्यूएक्स वैश्विक अभियान मेक सेफ्टी स्टेटमेंट' की शुरुआत की, जिसमें मशहूर हस्तियां सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोजमर्रा के उपायों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। इस अभियान के तहत, सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों के समर्थन के महत्व को उजागर करने के लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में डिजिटल बिलबोर्ड तथा पोस्टर लगाए जाएंगे, जिन पर ये बयान प्रदर्शित होंगे। भारत में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 26 फरवरी 02 .40 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- रोहिणी 13 .38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

### सुडोकू -72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |



गाबा में हुए 2003-04 की श्रृंखला के मैच में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की अपील पर सचिन तेंदुलकर को पगबाधा आउट देना मेरी गलती थी। मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह आउट था, वगैरह-वगैरह? लेकिन जिंदगी में गलतियां होती रहती हैं। –स्टीव बकनर, अंपायर


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 25 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**सुपर-8 में आज**

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका-न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

**हाईलाइट**

### महा ओपन: नागल जीते धामने भी आगे बढ़े

**पुणे, एजेंसी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जबकि स्थानीय दावेदार मानस धामने ने भी जीत दर्ज की। नागल ने पहले दौर में जापान के सातवें वरीय रियो नोगुची को 6-1, 6-2 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने एक घंटे और नौ मिनट में मिली जीत के दौरान बेसलाइन से खेल को नियंत्रित किया और सीधे सेट में जीत दर्ज की। वाइल्ड कार्ड धारक धामने ने चैलेंजर सर्किट पर अपनी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले हफ्ते के दिल्ली चैलेंजर के विजेता यूनान के स्टेफानोस सकेलारिडिस को 6-4, 7-6 से हराया।

### धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था।

### क्रिकेट खेलने के झगड़े में किशोर की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में क्रिकेट के मैच को लेकर चार नाबालिगों में हुए झगड़े में 15 वर्षीय किशोर निशांत की हत्या कर दी गई। घटना सोमवार शाम को स्थानीय पार्क में क्रिकेट मैच को लेकर 12 वर्षीय एक लड़के और 15 वर्षीय किशोर के बीच बहस के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच बहस के चलते हाथापाई होने लगी। इसके बाद 12 वर्षीय लड़का अपने घर चला गया, जहां उसने रिश्ते के भाइयों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तीनों किशोर पीड़ित की तलाश में निकल पड़े। शाम को उन्हें निशांत मिल गया। उनके बीच मारपीट हुई, जिसमें पीड़ित के गले और सिर पर चोटें आईं।

## कप्तान हैरी ब्रूक के शानदार शतक से इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**आईसीसी टी20 विश्व कप**

- इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल

**पाल्लेकल, एजेंसी।**

कप्तान हैरी ब्रूक की टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शानदार लय में चल रहे साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' ब्रूक की 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्के जडे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने पांच गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। ब्रूक ने पावरप्ले में तीन और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन)



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए। टीम में वापसी कर रहे अफरीदी ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में खराब लय में चल रहे जोस बटलर (दो) को पवेलियन की राह दिखा दी। दोनों का कैच विकेटकीपर उस्मान खान ने पकड़ा। अफरीदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब बेथल (आठ) डीप स्क्वायर लेग पर फरहान के द्वारा लपके गये।आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उस्मान तारिक ने पहली ही गेंद पर टॉम बैंटम (दो) को चलता कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुरेन ने तारिक की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में नवाज को कैच दे दिया। बाद में जोफ्रा आर्चर ने आखिरी ओवर में चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत दिला दी।




हैरी ब्रूक

# चक्रवर्ती को ऑफ स्पिनर की तरह खेल रहे हैं शीर्ष विदेशी बल्लेबाज

### वरूण का 10.40 इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

क्या कोई रहस्यमयी स्पिनर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक क्रिकेट खेलने के बावजूद अपनी गेंदबाजी का रहस्य बरकरार रख सकता है? यह बहस का मुद्दा है लेकिन यह साफ है कि बड़े बल्लेबाज अब भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदों को सिर्फ हाथ से ही नहीं पढ़ रहे हैं बल्कि कोच ने भी उनसे निपटने के तरीके ढूंढ लिए हैं। आईपीएल और भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलने वाली पाकिस्तान की टीम को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने तमिलनाडु के इस खिलाड़ी के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्पिनर के खिलाफ पिछले पांच मैच में 20 ओवर में 208 रन बने हैं जिसमें रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुआ टी20 विश्व कप का सुपर आठ मैच भी शामिल है।

चक्रवर्ती ने नौ विकेट चटकाए हैं लेकिन 10.40 का उनका इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक है। तो फिन एलेन, ग्लेन फिलिप्स, डेवाल्ड ब्रेविस और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी असल में क्या सही कर रहे हैं? भारत के कई युवा स्टार बल्लेबाजों के साथ काम कर चुके मुंबई के पूर्व बल्लेबाज जुबिन भरूचा ने बताया, ''किसी भी गेंदबाज के लिए आप सबसे पहले उसके मजबूत पक्ष को नाकाम करते हैं। अगर यह गुगली है तो आप गुगली के लिए खेलते हैं या उसका अंदाजा लगाते हैं और वहीं से सामंजस्य बैठाते हैं।

राशिद खान के साथ भी ऐसा ही हुआ है। अब हर कोई उसे (राशिद) या वरुण को खेलने में बेहतर है क्योंकि वे गुगली के लिए खेल रहे हैं, वह गेंद जिस पर अधिकर बल्लेबाज आउट होते हैं।'' एसोसिएट देशों के लिए चक्रवर्ती को समझना मुश्किल रहा है लेकिन आईपीएल में खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ी अब उन्हें एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलते हैं जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है। भरूचा ने कहा, ''एसोसिएट देश उसका सामना नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्होंने पहले उसका सामना नहीं किया है। अधिकतर शीर्ष टीम उसे एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलेंगी जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है।'' भरूचा का मानना है कि अगर विकेट सपाट होगा तो पाकिस्तान के उस्मान तारिक को भी इसी तरह संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''उस्मान तारिक के लिए भी यही होगा। उन्हें (रहस्यमयी स्पिनरों को) अपनी सभी अलग-अलग विविधता को धारदार बनाने के लिए पिच से थोड़ी मदद की जरूरत होती है। वरुण, तारिक, और राशिद शीर्ष स्तरीय गेंदबाज हैं और बल्लेबाजों को उनके खिलाफ परेशानी होगी लेकिन अगर सतह बिल्कुल सपाट है तो वे कुछ रन भी बना सकते हैं।

### परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे

**चेन्नई, एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह मंगलवार को परिवार में आपात स्थिति के कारण घर लौट आए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रिंकू यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हुए जबकि उनके बाकी साथी खिलाड़ियों ने नेट सत्र के दौरान मौजूद थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ''रिंकू सिंह परिवार में आपात स्थिति की वजह से चेन्नई से घर वापस लौट गए हैं। वह चेपक में भारत के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए।'' सूत्रों के मुताबिक रिंकू के पिता खानचंद सिंह को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्पिटल में भर्ती हैं और इसलिए खिलाड़ी को वापस जाना पड़ा। रिंकू के अचानक चले जाने से इस बाएं हाथ के खिलाड़ी के बृहस्पतिवार को



यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के 'करो या मरो' के सुपर आठ मुकाबले में खेलने को लेकर संदेह है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 76 रन की हार के दौरान रिंकू खाता खोलने में नाकाम रहे थे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में उन्होंने छह रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 11, नामीबिया के खिलाफ एक और अमेरिका के खिलाफ छह रन बनाए थे।

## न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने को श्रीलंका को करना होगा सुधार

**कोलंबो, एजेंसी।**

श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए।

श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, ''यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल।'' उन्होंने कहा, ''क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है। हमारे कुछ बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के प्रयास में आउट हो गए थे। मुझे नहीं लगता कि इन परिस्थितियों में इस तरह से खुद को जोखिम में डालना अच्छा विकल्प था।'' पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने गेंदबाजी में प्रभावित किया है। न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।



**टीम**

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

## शुभम के नाबाद शतक से जम्मू कश्मीर की शानदार शुरुआत

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**

**हुबली, एजेंसी।**

शुभम पुंडीर ने शानदार नाबाद शतक बनाकर जम्मू और कश्मीर को मंगलवार को कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 284 रन के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

शुभम ने 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 221 गेंदों में 117 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान पारस डोगरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद पुंडीर ने यावर हसन (88) के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत आधार प्रदान किया। पहले दिन का खेल खत्म होने से पहले शुभम ने अब्दुल समद (नाबाद 52) के साथ एक और शतकीय (अटूट 105 रन) साझेदारी कर ली। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों विकेट लिए।

**स्कोरबोर्ड**

- **जम्मू-कश्मीर पहली पारी:**

कुल: (87 ओवर में दो विकेट पर) 284 रन

कामरान इकबाल का राहुल बो प्रसिद्ध 06

यावर हसन का राहुल बो प्रसिद्ध 88

शुभम पुंडीर नाबाद 117

परस डोगरा रिटायर हर्ट 09

अब्दुल समद नाबाद 52

- **अतिरिक्त**: 12

विकेट पतन: 1-18, 2-157, 2-179 (रिटायर हर्ट)

- **गेंदबाज़ी:**

विद्याधर पाटिल 16-0-66-0

विजयकुमार विशाक 18-0-25-0

प्रसिध कृष्णा 16-5-36-2

श्रेयस गोपाल 17-1-79-0

शिखर शेट्टी 20-0-68-0



कर्नाटक के खिलाफ शार्ट लगाते जम्मू और कश्मीर के बल्लेबाज यावर हसन।

## भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

**मुंबई, एजेंसी।**

जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी।



जिम्बाब्वे के कोच जस्टिन सैमन्स।

भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।''

## स्पेन से शूट आउट में 3-4 से हारा भारत

**एफआईएच प्रो लीग**

**होबार्ट, एजेंसी।**

भारत का एफआईएच पुरुष प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा जब यहां स्पेन के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया।



मैच खेलते भारतीय खिलाड़ी।

स्पेन ने मैच में जोरदार शुरुआत की। टीम ने चौथे मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन ड्रैग फ्लिक को भारतीय गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचा लिया। स्पेन को लगा कि उन्होंने आठवें मिनट में बढ़त बना ली है लेकिन जोस बास्टेरा के गोल को अस्वीकार कर दिया गया। दबाव से उबरते हुए भारत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन अमित रोहिदास की ड्रैग फ्लिक को स्पेन के गोलकीपर लुई कैलजाडो ने नाकाम कर दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्पेन ने पलटवार करते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन पेपे क्यूनिल के शॉट को सूरज करकेरा ने बचा लिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी। शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को इस मुकाबले से सिर्फ एक अंक मिला। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को होबार्ट चरण के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत यहां पहले चरण में स्पेन से 0-2 से हार गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**महिला एकदिवसीय मैच**

**48 .3 ओवर में 214 रन पर आल आउट हो गई भारतीय टीम**

## मूनी और हीली ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ जीत

**ब्रिस्बेन , एजेंसी**

एशले गार्डनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन तथा बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 70 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (84 गेंदों में 53 रन) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (68 गेंदों में 58 रन) के अर्धशतकों के बावजूद उसकी टीम 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और उसने केवल 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाए। हीली (70 गेंद पर 50 रन) के अर्धशतक की मदद से उसने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद मूनी (79 गेंद पर 76 रन) और एनाबेल सदरलैंड (44 गेंद पर नाबाद 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत सुनिश्चित की। भारत की उप कप्तान मंधाना ने मैच के बाद कहा, ''शुरू में ही दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करना आसान नहीं था लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था। हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और बहुत अधिक बदलाव करने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हमें बल्लेबाजी में सामूहिक प्रदर्शन करना होगा लेकिन हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। अभी हमारे पास दो दिन का समय है। हम मजबूत वापसी करेंगे।'' हीली और



शार्ट खेलती ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी।

फोबे लिचफील्ड (32 गेंद पर 32 रन) ने सहजता से रन बटोरते हुए पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत के घुटने में चोट लगने के कारण कप्तानी कर रही मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (41 रन देकर दो विकेट) को 11वें ओवर में गेंद सौंपी। उन्होंने अपनी तीसरी गेंद पर ही लिचफील्ड को विकेट के पीछे कैच करा कर भारत को पहली सफलता दिलाई। श्री चरणी ने अगली गेंद पर नई बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल को कवर में मंधाना के हाथों कैच आउट कराया। हीली ने इसके बाद मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की।

अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही हीली ने 69 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद क्रांति गौड़ की गेंद पर स्क्वायर कट लगाकर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को कैच दे बैठी। मूनी ने श्री चरणी पर छक्का जड़कर 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान मूनी ने वनडे में 3000 जबकि सदरलैंड ने 1000 रन पूरे किए। मूनी ने अंतिम क्षणों में आउट होने से पहले अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। सदरलैंड ने चार चौके और दीप्ति शर्मा पर विजयी छक्का लगाया।